नई दिल्ली
सोमवार, 24 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 316
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 27.0
न्यूग. 13.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप में जीते 5 स्वर्ण

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
के दूरदर्शी नेतृत्व में

देश का हृदय प्रदेश लिख रहा
विकास की नई गाथा


## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
## उद्घाटन

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



Confederation of Indian Industry

**24 फरवरी, 2025 | प्रात: 10:00**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

EY Shape the future with confidence

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP www.investmp.in

D-11193/24

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

CII Confederation of Indian Industry

EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष – 2025

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रूफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

D-11193/24

नई दिल्ली
सोमवार, 24 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 316
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27.0
न्यून. 13.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने स्नान कर जीवन धन्य किया, मां जानकी के 'मायके' वाले भी पहुंचे

## 50 से अधिक देशों के100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आए

# 8 वां इन्वेस्ट मप्रः ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का आज शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2025 (जीआईएस) का शुभारंभ करेंगे। समिट में शामिल होने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में निवेशक, उद्योगपति भोपाल पहुंचे हैं।

कई बड़े उद्योगपति एक दिन पहले ही भोपाल पहुंचे। कुछ उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेश व रियायतों को लेकर ⏩ शेष पेज 5 पर

### भोपाल बनेगा औद्योगिक हब, दो दिन भोपाल में इंडस्ट्री लीडर्स का 'महामंच'



### निवेशकों को अनंत संभावनाओं से परिचित कराएंगे

जीआईएस-2025 में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और वस्त्र, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी विकास, पर्यटन और खाद्य जैसे प्रमुख निवेश क्षेत्र विभिन्न सम्मेलनों के माध्यम से निवेशकों को अनंत संभावनाओं से परिचित कराएंगे।

पीएम मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में राज्य की 18 से अधिक नई नीतियों का अनावरण करेंगे

राज्य की औद्योगिक और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने वाली 5 मिनट की फिल्म भी प्रदर्शित होगी



### गृह मंत्री शाह करेंगे 25 फरवरी को जीआईएस का समापन

जीआईएस के दूसरे दिन 25 फरवरी को समापन में मुख्य सचिव अनुराग जैन राज्य के विकास के संदर्भ में भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डालेंगे। इसके बाद 'मप्र- अनंत संभावनाएं' नामक वीडियो की प्रस्तुति होगी, जिसमें राज्य की विशाल क्षमता और अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रमुख उद्योगपति सभा को संबोधित कर अपना विजन और अनुभव साझा करेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्य संबोधन होगा।

### जीआईएस एमपी में निवेश की अनंत संभावनाओं पर रहेगा फोकस

दो दिवसीय निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और प्रदेश के औद्योगिक निवेश संभावनाओं पर परस्पर चर्चा करेंगे

### सहभागिता के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण

में शामिल होने के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें 50 से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आ गए हैं। इसमें राजदूत, उच्चायुक्त और महावाणिज्य दूत शामिल हैं। समिट में भाग लेने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी, गोदरेज इंडस्ट्रीज ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सेना प्रमुख फ्रांस की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल पियरे शिल के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसमें सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सेना प्रमुख ने भारत-फ्रांस सैन्य सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से यात्रा शुरू की। द्विवेदी की यात्रा का उद्देश्य भारत और फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर जब्त हुआ 6 करोड़ का हार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 6.08 करोड़ रुपए की कीमत वाला हार जब्त किया गया है। यह हार बैंकॉक से तस्करी करके लाया जा रहा था। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने एयरपोर्ट के टी3 टर्मिनल पर एक संदिग्ध को पकड़ा। जिसके पास हीरा जड़ा हुआ इतना बेशकीमती हार बरामद हुआ।

### एपल ने हटाए 1.35 लाख से ज्यादा एप्स



**नई दिल्ली।** एपल ने हाल ही में कई सारे एप्स को एप स्टोर से हटा दिया है। एपल ने उन एप्स को हटाया है, जिनके डेवलपर्स ने अपनी ट्रेडर जानकारी यानी पता, फोन नंबर और ईमेल एड्रेस शेयर नहीं किया था। नए ईयू नियमों के मुताबिक, सभी एप डेवलपर्स को अपनी ट्रेडर स्थिति को बताना जरूरी है। पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए ऐसा किया।

### पीएम ने भाषण की शुरुआत 'बुंदेलखंड़ी' से की-अपुन औरों खों मोरी तरफ से दोई हाथ जोड़कर राम-राम सों

### बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का किया शिलान्यास

# हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देता है नेताओं का एक दलः मोदी

**पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं**

### किसी न किसी भेष में रहते हैं हिंदू आस्था से नफरत करने वाले

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में 'नेताओं का एक दल' धर्म का माखौल उड़ाता है। हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देता रहता है। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ⏩ शेष पेज 5 पर





### शास्त्री ने की मोदी की मां के नाम एक वार्ड के नाम की घोषणा

- प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को 'छोटा भाई' कहा
- अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा
- हमने फैसला किया है कि कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी

### बुंदेलखंड के लिए उत्साह उमंग का दिनः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दिन बुंदेलखंड की धरती के लिए उत्साह और उमंग का दिन है। प्रधानमंत्री ने केन बेतवा नदी के माध्यम से पहले बुंदेलखंड को ⏩ शेष पेज 5 पर

### जब मोदी ने निकाली शास्त्री की मां के नाम की पर्ची

मोदी ने बताया कि मैं हनुमान दादा के चरणों में आया तो मुझे लगा क्या ये धीरेंद्र शास्त्री अकेले ही पर्ची निकालेंगे या मैं निकाल पाऊंगा। मैंने देखा कि हनुमान दादा की मुझ पर कृपा होती है या नहीं होती है, तो हनुमान दादा जी ने मुझे आशीर्वाद दिया और मैंने पहली पर्ची निकाली, उनकी माता जी की पर्ची। जिसकी बात शास्त्री जी ने बता दी। शास्त्री ने मंच पर कहा कि प्रधानमंत्री माता जी से कह रहे थे ⏩ शेष पेज 5 पर

### आस्था का केंद्र अब आरोग्य का केंद्र बनेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड में आने का ⏩ शेष पेज 5 पर

### संत महात्मा भी बनवाएं आयुष्मान कार्ड

मोदी ने संत महात्माओं से कहा कि हालांकि आप बीमार नहीं होंगे फिर भी आप सबको भी आयुष्मान कार्ड ⏩ शेष पेज 5 पर

### ऐसा होगा अस्पताल

| | |
|---|---|
| 200 | करोड़ की लागत |
| 100 | बिस्तर |
| 10 | एकड़ क्षेत्र |
| 03 | साल में तैयार होगा |

### भारत निभा रहा अब विश्वमित्र की भूमिका : शास्त्री

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 60 दिन में दूसरी बार बुंदेलखंड के लिए प्यार बरसाने आए हैं। वे गाय, गंगा और गरीबों की बात करते हैं। संतों-महंतों, किसानों और जवानों की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व मित्र की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अपने धाम में बन रहे अस्पताल को लेकर कहा कि अब तक अस्पतालों में मंदिर थे, अब मंदिर में अस्पताल होगा। इसको मेडिकल कॉलेज बनाने का हमारा विचार है।



स्टेट हैंगर पर सीएम ने पीएम मोदी का आत्मीय स्वागत किया।

### विद्यार्थियों के हित में फिर दिखाई संवेदनशीलता

## पीएम ने अपना कार्यक्रम 15 मिनट आगे बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निर्धारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के हित में परिवर्तन करते हुए एक बार फिर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सुबह 9.45 बजे जीआईएस कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होने वाले थे। सोमवार को विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा होने से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यक्रम को 15 मिनट आगे बढ़ाते हुए 10 बजे का कार्यक्रम निर्धारित किया। प्रधानमंत्री मोदी अब सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय विद्यार्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर आसानी से पहुंचने के लिए लिया। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों के हित में लिए गए इस निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता हमें सदैव प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव संवेदनशील रहते हैं और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम कर उनका मनोबल भी बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लोकप्रिय और प्रेरणादायी सिद्ध हो रहा है।

### आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफीः भारत ने पाक को 6 विकेट से हराया, सेमीफाइनल में पहुंचा

- भारत ने पाकिस्तान से लिया 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में हार का बदला...पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर
- टीम इंडिया की जीत के हीरो कुलदीप, हार्दिक, कोहली और शुभमन गिल रहे

## कोहली के 'विराट' शतक से जीता भारत, पाकिस्तान को चटाई धूल

एजेंसी ⏭ दुबई

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार को भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने नाबाद शतक जड़ा।

इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दावेदारी पुख्ता कर ली है। अगर न्यूजीलैंड 24 फरवरी को होने वाले मुकाबले में बांग्लादेश को हरा देता है, तो भारतीय टीम का सेमीफाइनल बर्थ कन्फर्म हो जाएगा। विराट कोहली के वनडे



इंटरनेशनल करियर का ये 51वां शतक रहा। कोहली ने खुशदिल शाह की गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया, साथ ही भारत को भी जीत दिलाई। कोहली 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे। ⏩ शेष पेज 5 पर

### कोहली के 14000 रन पूरे, सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा

*विराट कोहली और शुभमन गिल के दम पर देखते ही देखते भारत ने 15 ओवर में एक विकेट पर 89 रन बना लिए। इस दौरान कोहली ने इस दौरान 13वें ओवर में हारिस रउफ के खिलाफ चौका लगाकर एकदिवसीय में 14,000 पूरे किए। उन्होंने रिकॉर्ड 287 पारियों में इस उपलब्धि को अपने नाम किया। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने 350 जबकि श्रीलंका के पूर्व दिग्गज कुमार संगकारा ने 378 पारियों में इस आंकड़े को छुआ था। इससे पहले उन्होंने कैच के मामले में अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड तोड़ा था।*

### कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर निकाली अपनी भड़ास

## शशि थरूर की कांग्रेस नेतृत्व से दो टूकः मेरी जरूरत है या नहीं?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कभी पीएम नरेंद्र मोदी के काम की तारीफ तो कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनयारी विजयन के काम की तारीफ कर कांग्रेस नेतृत्व को नाराज करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर को कांग्रेसी सियासत में लंबे समय से बर्फ पर लगा दिया गया। न संसद में पार्टी की ओर से कोई भागीदारी दी जा रही है, न किसी बहस मुबाहिस का हिस्सा बनाया जा रहा है। केरल में साल भर बाद चुनाव है। वहाँ कांग्रेस की हालातों पर शशि थरूर ने करारा प्रहार करते हुए आलकमान से पूछा है पार्टी को मेरी जरूरत है या नहीं, साफ बताया जाए ताकि मैं दूसरे काम करूँ। तो क्या भाजपा जॉइन करेंगे, इस सवाल के जवाब में थरूर कहते हैं, नहीं, हमारे पास पहले भी बहुत काम थे। आज भी विश्व भर से टॉक शो के आमंत्रण हैं। पहले भी तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह, सोनिया गाँधी और केरल के वरिष्ठ नेता रमेश चेनिथला के कहने पर अमेरिका में अच्छा जीवन छोड़ कर भारत आये राजनीति जॉइन करने। मैं वो शख्स नहीं जो दल बदलते रहें। इसकी जरूरत नहीं। शशि थरूर मलयाली भाषी एक स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर मगर शालीन तरीके से अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा, मैं अच्छे काम की तारीफ करता हूँ। बुरे काम का विरोध करता हूँ। चाहे सामने पक्ष हो या विपक्ष। थिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद रहे थरूर का मानना है कांग्रेस नेतृत्व को हमारी ⏩ शेष पेज 5 पर

- रेलवे ने आरोपियों को ढूंढ निकाला, कहा- छोड़ेंगे नहीं
- रेलवे ने कुछ ही देर में सही कर दिया साइन बोर्ड

### तमिलनाडु में हिंदी पर विरोध जारी

## पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर हिंदी में साइन बोर्ड पर कालिख पोती

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आंच अब रेलवे स्टेशनों तक पहुंच गई है। पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर रविवार को हिंदी विरोधी प्रदर्शन हुआ। प्रो-तमिल प्रोटेस्टर्स ने रेलवे स्टेशन के साइन बोर्ड पर लिखे हिंदी शब्दों को काले रंग से पोत दिया।

घटना के बाद, दक्षिण रेलवे के पलक्कड़ डिवीजन के अधिकारियों ने सफाई दी कि नाम को तुरंत री-स्टोर कर दिया गया। रेलवे ने कहा कि आरपीएफ पोल्लाची ने




आरोपियों की पहचान कर ली है और रेलवे एक्ट के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गौर हो कि तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके और केंद्र सरकार के बीच हिंदी को लेकर विवाद लगातार जारी है। डीएमके का आरोप है कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एईपी) 2020 के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस इलंगोवन ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले यह पॉलिसी भाजपा-शासित राज्यों में लागू की जाए और वहां के शिक्षा स्तर को सुधारा जाए। इस नीति का असली उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था पर धार्मिक विचार थोपना है, जिसे हम कभी स्वीकार नहीं करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके के आरोपों को काल्पनिक बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी भी भाषा को थोपने की सिफारिश नहीं करती है।

### 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में कांग्रेस का अधिवेशन होगा

## कांग्रेस में जीवन-प्राण के लिए अहमदाबाद में जुटेंगे कांग्रेसी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद, गुजरात, में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति का अधिवेशन आयोजित करेगी। एआइसीसी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में देश भर से जुटे एआईसीसी प्रतिनिधि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और संविधान व उसके मूल्यों पर लगातार हो रहे हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे, इसके साथ ही पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना भी तय की जाएगी।

यह सत्र 8 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के साथ शुरू होगा, इसके बाद 9 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे,



जिनमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह एआईसीसी अधिवेशन बेलगावी में हुई विस्तारित सीडब्ल्यूसी बैठक (नव सत्याग्रह बैठक) में अपनाए गए प्रस्तावों की निरंतरता के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जो 1924 के सत्र में महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने की सौवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान की विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए यह निर्णय लिया गया था कि 26 जनवरी 2025 और 26 जनवरी 2026 के बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा' के तहत एक विशाल, राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी; साथ ही महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और न्याय के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उनकी जन्मस्थली गुजरात में एआईसीसी अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। आगामी सत्र न केवल महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, बल्कि आम लोगों की चिंताओं का समाधान करने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए कांग्रेस पार्टी के सामूहिक संकल्प की पुष्टि भी करेगा।

# नशे का धंधा करने वालों पर कसा जा रहा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

**खास बातें**

- अंबेडकर नगर थाने की पुलिस ने दबोचा गांजा तस्कर



दक्षिण जिले की अंबेडकर नगर पुलिस लगातार नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में पेट्रोलिंग टीम ने शनिवार को 1.293 किलोग्राम गांजे के साथ रविंद्र उर्फ राजा नामक ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार किया। वह अंबेडकर नगर थाने का बीसी भी बताया जाता है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार थानाध्यक्ष रामपाल यादव के नेतृत्व में अंबेडकर नगर पुलिस ऑटो-लिफ्टिंग, पिक-पॉकेटिंग, स्नैचिंग और लूटपाट आदि स्ट्रीट क्राइम पर अंकुश लगाने में सफल हो रही है। बीट और पेट्रोलिंग स्टाफ को पारंपरिक पुलिसिंग रणनीति रोको-टोको को अपनाने और अपराध की प्रवृत्ति के अनुसार क्षेत्र में गश्त के दौरान चोरी हुए वाहनों का पता लगाने के लिए नियमित रूप से जानकारी दी जा रही है। नतीजतन, कर्मचारियों ने सड़क पर अपराध में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए विषम घंटों के दौरान भी ध्यान केंद्रित किया और गहन गश्त की। इसके अलावा, अपराधियों की धरपकड़ के लिये पिकेट चेकिंग करके बीट क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ा दी गई है। पेट्रोलिंग टीम शनिवार रात डी-2 मदनगीर में मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूमता नजर आया। संदेह होने पर उसे रोका गया और जांच करने पर उसके हाथ में प्लास्टिक की पॉलिथीन से 1.293 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

### स्थानीय लोगों ने एसएचओ को किया सम्मानित

अंबेडकर नगर थाने के एसएचओ रामपाल यादव की ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से खुश होकर स्थानीय लोगों ने उन्हें सम्मानित भी किया है। लोगों का कहना है कि एसएचओ रामपाल यादव के नेतृत्व में इलाके से अपराध लगातार खत्म हो रहा है। महरौली जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रपाल बैरवा, मंडल अध्यक्ष दिलीप देवातवाल, प्रियांशु पांडे समेत कई लोगों ने एसएचओ को फूल माला एवं पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। गत दिनों अंबेडकर नगर थाना दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ थाना भी घोषित किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### नशे में बाइक सवार मामा भांजा फ्लाईओवर से नीचे गिरे, एक की मौत

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के गीता कालोनी फ्लाईओवर से रविवार दोपहर बाइक सवार मामा भांजा नीचे गिर गये। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों शराब के नशे में थे। संतुलन खोने की वजह से हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार हादसा दोपहर 3 बजकर दो मिनट पर गीता कालोनी फ्लाईओवर लूप पर हुआ। कॉलर ने कंट्रोल रूम को सूचना दी कि दो बाइक वाले फ्लाईओवर से नीचे गिर गए हैं। कॉल प्राप्त होने पर स्थानीय पुलिस गीता कॉलोनी फ्लाईओवर लूप पर पहुंची। पता चला कि घायलों को राहगीरों द्वारा डॉ हेडगेवार आरोग्य संस्थान में भर्ती करवाया है। मौके पर एक मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हालत में खड़ी मिली। आईओ अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि सोनू (27) पुत्र सुरेश निवासी ए 2/1569 सरिता विहार बयान देने की स्थिति में नहीं है। वहीं सोनू (30) पुत्र करण सिंह निवासी जी 188, भागीरथी विहार दिल्ली को डॉक्टरों द्वारा मृत पाया। एमएलसी के अनुसार दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे। पूछताछ में पता चला कि दोनों शख्स मामा-भांजा हैं। वह भागीरथी विहार से आ रहे हैं और सरिता विहार जा रहे हैं ।

### दिल्ली कीपूर्ववर्ती सरकार ने झूठे शिक्षा मॉडल का प्रचार-प्रसार किया : शिक्षक संघ

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव की सौजन्य भेंट हुई। बैठक के दौरान अजय वीर यादव ने विगत चुनावों में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया और राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव के रूप में बीते 10 वर्षों के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली की पूर्ववर्ती सरकार ने झूठे शिक्षा मॉडल का प्रचार-प्रसार किया, जिसकी वास्तविकता कुछ और थी। शिक्षक संघ ने इस भ्रामक शिक्षा नीति का हर उचित मंच पर विरोध किया। वहीं, इस अवसर पर इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लॉई फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी. मिश्रा, महासचिव अतुल मिश्रा, उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश, विधि सलाहकार ऋषभ, तथा अध्यापक शक्ति मंच के उपाध्यक्ष बी.एल. शर्मा भी उपस्थित रहे।

### निरंकारी मिशन अमृत प्रोजेक्ट के स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तीसरे चरण का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन के अमृत प्रोजेक्ट अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तीसरे चरण का रविवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर दिल्ली बुराड़ी ग्राउंड नं 8 में एक विशाल सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने जल ही जीवन है का महत्व समझाया। इस अवसर पर माता सुदीक्षा के अलावा निरंकारी राजपिता रमित मौजूद थे। अपने संदेश में माता सुदीक्षा ने कहा कि अमृत प्रोजेक्ट के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तीसरे चरण का आयोजन विश्व भर में हुआ है। उन्होंने समझाया कि पानी अमृत समान है, जिसे प्रकृति ने हमें जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपहार के रूप में प्रदान किया है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी स्वाभाविक आदत होनी चाहिए।

### बैंकॉक से दिल्ली पहुंची थी फ्लाईट

# एयरपोर्ट पर विदेशी वन्यजीव के साथ तीन यात्री दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



आईजीआई एयरपोर्ट पर अवैध विदेशी वन्यजीव के साथ तीन यात्रियों को पकड़ा गया है। सभी बैंकॉक, थाईलैंड से दिल्ली पहुंचे थे। इनके पास से बड़ी संख्या में सांप और छिपकली बरामद हुई। सुरक्षा जांच अधिकारी यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। आशंका जताई गई है कि यात्री अवैध वन्य जीवों की तस्करी के धंधे से जुड़े हो सकते हैं।

मिली सूचना के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे विमान से उतरे तीन भारतीय यात्रियों के बैग से यह वन्यजीव बरामद किये गये। तीनों यात्री उड़ान संख्या एआई 303 (बैंकॉक से दिल्ली) से आईजीआई पर उतरे थे। उनके चेक इन बैगेज की जांच करने पर विदेशी वन्यजीव बरामद किए गए। सांपों की प्रजातियों में कॉर्न स्नेक, मिल्क स्नेक और बॉल पाइथन आदि शामिल है। छिपकलियों की प्रजातियों में दाढ़ी वाले ड्रेगन, क्रेस्टेड गेको, कैमरून ड्वार्फ गेको और गेको शामिल बताये गये हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी एक कछुए और एक मगरमच्छ का सिर एयरपोर्ट पर बरामद किया जा चुका है। उस समय भी फ्लाइट थाईलैंड से आई थी।

### नीरज बवानिया गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने कुख्यात बदमाश नीरज बवानिया के करीबी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। उत्तम नगर थाने के आर्म्स एक्ट मामले में इसे भगौड़ा घोषित किया जा चुका था। आरोपी पहले स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट उल्लंघन के सात मामलों में शामिल रहा है। यह बदमाश अदालत से फरार हो गया था। हरि नगर इलाके से पकड़े गये बदमाश का नाम दीपक शर्मा उर्फ पप्पू (28) निवासी पंखा रोड, उत्तम नगर बताया गया है।

# 24 घंटे में सुलझा महिला की हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के अशोक विहार थाना अंतर्गत शनिवार को हुई महिला की हत्या का मामला पुलिस ने 24 घंटे में सुलझा लिया है। इस सिलसिले में केशव प्रसाद (50) नामक शख्स को पकड़ा गया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया है। उसने बताया कि लड़की ज्यादा पैसों की डिमांड कर रही थी। इस पर उनके बीच झगड़ा हो गया जिसमें उसने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को बोरे में डालकर सार्वजनिक शौचालय के पास फेंक आया था। आरोपी दिल्ली छोड़कर विजयवाड़ा जाने की फिराक में था।

पुलिस के अनुसार शनिवार को अशोक विहार थाने में सूचना प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर द्वारा बताया गया कि बी ब्लॉक, आरा मशीन चौक मस्जिद के सामने शौचालय में एक शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और 25-30 वर्ष की महिला का शव बोरे में लिपटा हुआ पाया। आरोपी की पहचान करने के लिए कई टीमें गठित की गई। टीम ने मृतका के शरीर पर पाए गए छह टैटू के जरिये उसकी पहचान सुनिश्चित कर ली। घटनास्थल के आसपास के इलाके के लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। घटनास्थल के आसपास देर रात घूमते पाए गए 50 से अधिक संदिग्धों से भी पूछताछ की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। आखिर में केशव प्रसाद पुत्र बालचंद निवासी एन-28/446, सीएसए कॉलोनी, डब्ल्यूपीआईए, दिल्ली को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि वह आजादपुर फल मंडी में मजदूरी करता है। 21-22 की दरमियानी रात वह अपना काम निपटाकर घर जा रहा था। आजादपुर फ्लाईओवर के पास उसकी मुलाकात मृतक लड़की से हुई और वे दोनों उसकी झुग्गी पर आए। साथ में खाना खाया। वह लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा, लेकिन लड़की ने 10 हजार रुपये की मांग की। आरोपी ने पैसे देने से इनकार कर दिया और उनके बीच झगड़ा हुआ। इसी झगड़े में आरोपी केशव प्रसाद ने उसका गला घोंट दिया।

# पलाश शो में रविवार को उमड़ी दर्शकों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा द्वारका के गोल्फ कोर्स रोड स्थित सेक्टर 16-डी पार्क डीडीए ग्रीन में आयोजित दो दिवसीय पलाश फ्लावर शो के दूसरे दिन रविवार को भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ लगी रही। डीडीए ने क्रिकेट प्रेमियों का भी पूरा ख्याल रखा और भारत पाक क्रिकेट मैच के लाइव प्रसारण के लिए शो में ही बड़ी टीवी स्क्रीन लगाकर शो के साथ साथ मैच का आनंद लेने की सुविधा भी दी। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता और बड़ो के लिए रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। पलाश फ्लावर शो के दौरान जहां एक तरफ बच्चों के नन्हें हाथों से होती चित्रकला मन मोह रही थी। कहीं ओरेगामी प्रतियोगिता रंग दिखा रही थी। वही दूसरी तरफ महिलाओं के सधे हाथ रंगोली की लकीरें खींचकर लोगों का ध्यान आकर्षित करने में पीछे नहीं रहे। जबकि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता नजारा अलग ही छटा बिखेर रहा था। शनिवार को एलजी विनय कुमार सक्सेना ने इस पुष्प महोत्सव की शुरुआत की थी। दो दिवसीय इस शो के समापन के बाद अब दूसरा चरण 28 फरवरी, 1 और 2 मार्च को स्मृति वन, मयूर विहार फेज तीन में आयोजित किया जाएगा। पलाश 2025 में विभिन्न प्रकार की आकर्षक प्रतियोगिताओं में जनता की भागीदारी आमंत्रित की जाती है, जिसमें गमले में पुष्पों के पौधे, गमले में पत्तेदार पौधे, गमले में सब्जियों के पौधे, कंटेनरों में उद्यान और आंतरिक सजावट के लिए पुष्पों की व्यवस्था शामिल है। यह बागवानी के शौकीनों को अपनी रचनात्मकता और बागवानी कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पंजीकरण डेस्क पर सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए निःशुल्क ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण प्रदान किया। पूरे दिन की गतिविधियों में फूड स्टॉल, मिट्टी के बर्तन, झूले और राइड्स भी शामिल रहे।

# दिल्ली नगर निगम स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- निगम स्कूलों में 2019 से शिक्षकों की नहीं हुई भर्ती

दिल्ली नगर निगम में छात्र शिक्षक अनुपात (आरटीई, शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के अनुसार 7928 शिक्षकों की कमी है। वर्तमान में निगम में 18 हजार 494 शिक्षक हैं और जरूरत 26 हजार 422 शिक्षकों की है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि 2 लाख 37 हजार 840 छात्रों के पास इस समय उचित छात्र शिक्षक अनुपात के तहत शिक्षक उपलब्ध नहीं है। देश की राजधानी दिल्ली में निगम स्कूलों में शिक्षक की भर्ती 2019 से नहीं हुई है और उसके बाद से अब तक कई हजार शिक्षक टीजीटी प्रमोशन ले चुके हैं और कई हजार शिक्षक रिटायर हो चुके हैं यह एक गंभीर मामला है जिसमें निगम स्कूलों को हर स्तर पर नजरअंदाज किए जाने का मामला उजगार होता है। शिक्षकों से वास्तविकता जानने के लिए जब उनसे सम्पर्क किया गया तो नाम ना छापने की शर्त पर शिक्षकों ने दबी आवाज में बताया कि निगम शिक्षा विभाग और निगम के बड़े अधिकारी इस ऑडिट रिपोर्ट को दबाकर बैठे हैं जिससे निगम की छवि खराब ना हो। किसी को भी छात्रों के साथ किए जा रहे अन्याय की चिंता नहीं है उनके भविष्य के साथ किए का रहे खिलवाड़ के लिए जवाबदेही तय कर जिम्मेवार अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। देश की राजधानी दिल्ली में छात्रों के साथ हो रहे इस अन्याय पर एनसीपीसीआर और डीसीपीसीआर दोनों बड़े विभाग आंखें बंद कर बैठे हैं। निगम शिक्षकों ने यह जानकारी दी है जिसके बाद निगम की वर्ष 2023/24 की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। शिक्षा विभाग को चलाने के लिए उचित फंड के साथ साथ उचित मात्रा में शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षा विभाग के अनुभवी अधिकारी को निदेशक शिक्षा बनाया जाना जरूरी है तभी निगम स्कूलों का भला हो सकता है।

### डीयू की ईसी में विजिटर नॉमिनी बनी प्रो यादव

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पूर्व सदस्य, प्रोफेसर सुषमा यादव को दिल्ली विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव काउंसिल ( ईसी) में विजिटर नॉमिनी के रूप में नियुक्त किया गया है।



प्रोफेसर सुषमा यादव दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर भी रही हैं। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने प्रोफेसर सुषमा यादव को दिल्ली विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव काउंसिल में विजिटर नॉमिनी नियुक्त किए जाने पर बधाई और शुभकामना दी हैं। डॉ. हंसराज सुमन ने बताया कि उनकी नियुक्ति से दिल्ली विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शोध के क्षेत्र में युगांतकारी परिवर्तन होगा, इससे पहले भी शिक्षा तथा शोध उनकी प्राथमिकता में रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रो. सुषमा यादव भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय हरियाणा की पूर्व कुलपति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय की प्रो. वाइस चांसलर, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़ की पूर्व प्रो. वाइस चांसलर व अंतर्राष्ट्रीय सावित्रीबाई फुले अवॉर्ड से सम्मानित है।

# दिल्ली मेट्रो ने बनाया नया रिकॉर्ड, अब तक की सबसे ऊंचाई 28.362 मी. पर किया स्ट्रक्चर स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो के नाम कई रिकॉर्ड पहले ही दर्ज है, अब इसमें एक नया रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। जिसमें दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने अपने नेटवर्क में अब तक का सबसे ऊंचाई 28.362 मी. पर एक स्ट्रक्चर स्थापित कर हासिल किया है। डीएमआरसी ने यह अद्भुत कारनामा हैदरपुर बादली मोड़ के पास अंजाम दिया है। इसके अलावा डीएमआरसी ने इसी जगह बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर 52.288 मी. लंबे स्टील स्पैन का चुनौतीपूर्ण निर्माण कार्य भी पूरा किया, जो 27.610 मी. की प्रभावशाली ऊंचाई पर है। इससे पहले डीएमआरसी ने पिंक लाइन के धौला कुआं खंड पर 23.6 मी. ऊंचाई पर स्ट्रक्चर स्थापित कर रिकॉर्ड दर्ज किया था। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर अब तक के सबसे ऊंचे प्वाइंट का निर्माण कार्य पूरा करके, मेट्रो फेज-चार, मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन (जनकपुरी पश्चिम - आर.के. आश्रम मार्ग) कॉरिडोर में इंजीनियरिंग क्षेत्र की एक नई उपलब्धि हासिल की है।

आउटर रिंग रोड के पास 490 मी. लंबा सेक्शन येलो लाइन (समयपुर बादली - मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम) के हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के खंबा नंबर 340 पर 28.362 मी. की रेल लेवल ऊंचाई को किया है। यह अब डीएमआरसी नेटवर्क का सबसे ऊंचा प्वाइंट बन गया है। इस योजना के पूर्ण होने से पिंक लाइन के धौला कुआं पर बने 23.6 मी. ऊंचाई के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि इसके प्रमुख निर्माण कार्यों में जैसे स्ट्रक्चर को मजबूती से स्थापित करना, खंभों की ढलाई और पूर्व-निर्मित कंपोनेंट को स्थापित करना जटिल प्रक्रिया थी। क्योंकि सबसे अहम था कि इतनी ऊंचाई पर मौजूद परिचालित येलो लाइन के ऊपर स्टील स्पैन का निर्माण किया जाना सहज नहीं था। बेहद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और निर्माण कार्यों में व्यवधान न पड़े इसके लिए इंजीनियरों ने चरणबद्ध तरीके से इस जोखिमपूर्ण कार्य को पूरा किया।

### खंभों का निर्माण तीन चरणों में किया

उन्होंने बताया कि खंभों का निर्माण तीन चरणों में किया गया, जिसमें श्रमिकों की सुरक्षा और कार्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए खास सुरक्षा उपाय किए गए थे। चूंकि यहां स्थान सीमित था, इसलिए पारंपरिक ज़मीनी सपोर्ट के बजाय मैकॉले बार्स का उपयोग करके एक वैकल्पिक सपोर्ट सिस्टम तैयार किया गया था। दयाल के अनुसार चरण चार में मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन का दूसरा सबसे ऊंचा एलिवेटेड स्ट्रेच भी पूरा कर लिया गया है। इसका निर्माण भी हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर किया गया है। दिल्ली मेट्रो में इस दूसरे सबसे ऊंचे स्थान पर मेट्रो वायडक्ट और चालू रेलवे ट्रैक के बीच स्थान की कमी के कारण भी सटीक रूप से कार्य करने की बड़ी चुनौतीपूर्ण आवश्यकता थी। ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायर से बहुत कम दूरी बनाए रखकर, दो भारी-भरकम क्रेनों के उपयोग से वायाडक्ट का इंस्टालेशन करना आसान नहीं था। सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक क्रेन द्वारा 142-मीट्रिक-टन सेगमेंट के स्टील गर्डर उठाए। उन्होंने बताया कि मौजूदा मेट्रो और रेल सेवाओं में न्यूनतम व्यवधान हो, इसलिए रात्रि के समय संचालन अवधि के बाद के समय में निर्माण की योजना बनाई गई थी। इससे यात्री सेवाएं नियमित रूप से जारी रख पाना संभव हो सका। एक बार लाइन चालू होने के बाद मेट्रो चरण चार की मजेंटा लाइन एक्सटेंशन से कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा और यात्रियों के लिए यात्रा का समय भी कम होगा।

# संकटग्रस्त पक्षियों के बचाव के लिए तंत्र विकसित करे वन्यजीव विभाग और पुलिस : अदालत

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के वन्यजीव एवं पुलिस अधिकारियों से संकटग्रस्त पक्षियों को बचाने के लिए एक तंत्र विकसित करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय की अध्यक्षता वाली पीठ ने 'सेव इंडियन फाउंडेशन' की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका में, संकटग्रस्त पक्षियों को बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग के समक्ष विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अपनी शिकायतें प्रस्तुत करें, जिस पर प्राधिकारी तीन महीने के भीतर विचार करेंगे। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। उच्च न्यायालय ने 17 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता - सेव इंडियन फाउंडेशन - द्वारा अपने अभ्यावेदन में की जाने वाली प्रार्थनाओं या सुझावों पर विचार करते हुए... प्रतिवादी संख्या 1 (वन और वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार) और प्रतिवादी संख्या 3 (दिल्ली पुलिस) के अधिकारी दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संकटग्रस्त पक्षियों को बचाने के लिए अपेक्षित उपाय करने हेतु एक उपयुक्त तंत्र विकसित करेंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि अधिकारी याचिका पर विचार करते समय दिल्ली सरकार के पशु कल्याण बोर्ड जैसे किसी अन्य विशेषज्ञ निकाय से सहयोग और परामर्श ले सकते हैं।

## दिल्ली हाफ मैराथन में डीएमआरसी के सैकड़ों कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

नई दिल्ली। नई दिल्ली में रविवार को आयोजित हुई 10वीं दिल्ली हाफ मैराथन दौड़ में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सैकड़ों अधिकारियों-कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस मौके पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. विकास कुमार पत्नी सहित मौजूद रहे। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन में एक हजार से अधिक कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। पिछले एक दशक से नई दिल्ली में आयोजित हो रही इस प्रतिष्ठित मैराथन में भाग लेने के लिए मेट्रो एडवेंचर क्लब द्वारा डीएमआरसी कर्मचारियों और उनके आश्रितों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मौजूद एमडी डॉ. विकास ने बताया कि एथलीटों और दर्शकों को समय पर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में मदद करने के लिए सुबह-सुबह विशेष सेवाएं शुरू की थीं। मैराथन प्रतिभागियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए, दिल्ली मेट्रो ने आज सुबह 3:30 बजे ब्लू, येलो और वायलेट लाइनों के सभी टर्मिनल स्टेशनों से अपनी सेवाएँ शुरू कीं।

### नकारात्मकता के लिए कोई स्थान नहीं होगा : रेखा गुप्ता

# 'अब दिल्ली में विकास की नई नींव रखने जा रही है भाजपा सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विकसित दिल्ली के लिए संकल्पित भाजपा विधानसभा सत्र के माध्यम से अब दिल्ली में विकास की नई नींव रखने जा रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह संबोधन दिया और उन्होंने सोमवार 24 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के बारे में जानकारी दी। सचदेवा ने कहा कि हमारी सरकार का एक ही एजेंडा है दिल्ली को विकसित राजधानी बनाना है। विधानसभा का सत्र के दौरान विधायकों की शपथ, उपराज्यपाल का अभिभाषण और अन्य सरकारी कार्यक्रम होंगे



लेकिन दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करके भाजपा सरकार पहले ही दिल्लीवालों को बड़ी सौगात दे चुकी है। सचदेवा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को धन्यवाद दिया और कहा कि जनता की अपेक्षा पर खरे उतरना मेरी जिम्मेदारी है और साथ ही दिल्ली को लूटने और ठगने वाली आम आदमी पार्टी जिस झूठ को प्रसारित प्रचारित कर भाजपा को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, उसका हमारे विधायक अपने कामों के माध्यम से जवाब देंगे। आज हुई विधायकों की बैठक में सभी विधायकों ने एक साथ निश्चय किया है कि कैसे वे अपने क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगे और किस प्रकार से लोगों के दुख दर्द को बांटेगी। दिल्ली के जो जो काम अधूरे पड़े हैं, वे सभी पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है।

#### सभी विधायक गण लेंगे शपथ : रेखा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को होने वाले विधानसभा सत्र की जानकारी देते हुए कहा कि सोमवार, 24 फरवरी को दिल्ली विधानसभा का पहला सदन है और पहला दिन है इसलिए सभी विधायक गण शपथ लेंगे, विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव किया जाएगा और सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर को भी उपराज्यपाल द्वारा शपथ दिलाई जाएगी।

#### विधानसभा सत्र में विकास परियोजनाओं पर होगी चर्चा

रेखा गुप्ता ने कहा कि तीन दिवसीय इस विधानसभा सत्र में तीन दिवसीय विधानसभा सत्र में विकास परियोजनाओं पर चर्चा होगी, नकारात्मकता के लिए कोई स्थान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पहले ही सदन में सीएजी के रिपोर्ट को सदन में रखेंगे और जनता की जिस गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग पिछली सरकारों ने किया है, उसका हिसाब उनको अब दिल्ली की जनता को देना पड़ेगा।

## दिल्ली नगर निगम के 12 हजार कच्चे कर्मियों को पक्का करेगी निगम की आप सरकार : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ प्रेसवार्ता में आतिशी और महापौर ने की घोषणा

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 हजार कच्चे कर्मियों को दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पक्का करने जा रही है और इस पर कल मंगलवार, 25 फरवरी को होने वाली निगम की सदन बैठक में मुहर लग जाएगी। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने रविवार को निगम महापौर महेश कुमार खींची, नेता सदन मुकेश गोयल के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है और हमने निगम के कच्चे कर्मियों से जो वादा किया था, उसे पूरा करने जा रहे हैं। देश के इतिहास में किसी भी सरकार ने इतना बड़ा फैसला नहीं लिया, जो आज अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में निगम की "आप" सरकार लेने जा रही है। आतिशी ने दावा करते हुए कहा कि इससे पहले आम आदमी पार्टी 4,500 कच्चे सफाई कर्मियों को पक्का कर चुकी है। आम आदमी पार्टी जो कहती है, वो करके दिखाती है।

आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी कच्चे कर्मियों को पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस दिन से आम आदमी पार्टी बनी है। वायदा रहा है कि सरकारी विभागों में जो जो कच्चे कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। उनको आम आदमी पार्टी की सरकार पक्का करेगी। इसी के तहत पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे टीचर्स को पक्का किया जा रहा है।

प्रेसवार्ता में महापौर महेश कुमार खींची ने कहा कि आम आदमी पार्टी जब से सत्ता में आई है जो वादे किए वह सभी पूरे किए है। निगम में जो बोला वो पूरा किया है। 25 तारीख को 12 हजार कर्मियों को पक्का करने जा रहे है। जो वादा किया उसको पूरा करने जा रहे हैं। इससे पहले हमने 4500 कर्मचारियों को पक्का किया था। अब 25 तारीख को 12 हजार कर्मियों को पक्का किया जाएगा।

## नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुनी गईं आतिशी

### भाजपा ने जो वादे किए हैं, 'आप' एक विपक्ष के रूप में सभी को करवाएगी पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक विपक्ष के तौर पर यह हमारी जिम्मेदारी रहेगी कि भाजपा ने जनता से जो-जो वादे किए हैं, आम आदमी पार्टी एक विपक्ष के रूप में उन सभी वादों को पूरा करवाएगी। दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष के रूम में जिम्मेदारी संभालने के बाद यह बातें कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी को विपक्ष की भूमिका में चुना है। एक मजबूत विपक्ष के रूप में आम आदमी पार्टी सदन के अंदर पूरी ताकत से जनता की आवाज उठाएगी। भाजपा ने दिल्ली के लोगों को कई वादे किए, जिसके आधार पर जनता ने भाजपा को जनादेश दिया। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने रविवार को सर्वसम्मति से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और कालकाजी से विधायक आतिशी को सर्वसम्मति से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुन लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने हमें विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। आतिशी दिल्ली विधानसभा के अंदर नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वहन करेंगी। इसे लेकर आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आतिशी को बधाई दी।

आतिशी ने कहा कि विपक्ष के तौर पर हमारी पार्टी के दो महत्वपूर्ण एजेंडे रहेंगे। पहला, भाजपा ने जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करवाना, जिसमें प्रमुख तौर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने की जो गारंटी दी थी, उसे लागू करवाना हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर रहेगा। दूसरा, भाजपा के मंत्रियों के बयानों से ऐसा सुनने में आ रहा है कि अब तक आम आदमी पार्टी की सरकार और अरविंद केजरीवाल ने जो जनहितकारी काम किए हैं, उन्हें बंद कराने की कोशिश की जाएगी। अभी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री का एक बयान आया था, जिसमें कई सारे मोहल्ला क्लीनिक बंद कराए जाएंगे। दिल्लीवालों का कहीं से भी कोई अहित न हो, इसके लिए हमारे सारे विधायक सदन से सड़क तक लड़ेंगे।

#### ऐसे हुआ विधानसभा के लिए नेता प्रतिपक्ष का चुनाव

*नेता प्रतिपक्ष के चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक हुई। पार्टी द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर डॉ. संदीप पाठक की मौजूदगी में विधायक संजीव झा ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका विधायक कुलदीप कुमार और जनरैल सिंह ने समर्थन किया। इसके बाद पार्टी के सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में आतिशी के नाम पर अपनी सहमति दे दी। इसके बाद सभी विधायकों की राय ली गई और सर्वसम्मति से आतिशी को नेता प्रतिपक्ष बनाने के प्रस्ताव को पास किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आतिशी को आम आदमी पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया है।*

## दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने का हम सब मिलकर करेंगे काम : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने की जिम्मेदारी मुझे मिली है और दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने का कार्य हम सब मिलकर करेंगे। आने वाले समय में यह दिल्ली विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सांसद कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज के साथ रविवार को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय महाविशेष द्वारकेश श्री बाहुबली स्वामी महामस्तकाभिषेक के अवसर पर यह बातें कही। रेखा गुप्ता ने यहां जैनमुनि पूज्य चारूकीर्ति पंडिताचर्यावर्या भदारक महास्वामी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज की हमारे पर हमेशा से ही बड़ी कृपा रही है और उसी का परिणाम है कि दिल्ली के सम्पूर्ण विकास की जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है। रेखा गुप्ता ने कहा कि जो विश्वास इस समाज ने मुझ पर जताया है उसे हमेशा पूरा करने की कोशिश करुंगी।






### 'प्रतियोगिताओं में बच्चों को बढ़चढ़कर भाग लेने के प्रेरित करें अभिभावक'

नई दिल्ली। स्कूल बच्चों के विकास का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे न केवल शिक्षा प्राप्त करते हैं बल्कि विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के माध्यम से खुद को निखारने का अवसर भी पाते हैं। इसलिए, सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षा निदेशक आइएएस वेदिता रेड्डी ने आइपी एक्सटेंशन स्थित होली ट्रिनटी स्कूल के पांचवे वार्षिकोत्सव के अवसर पर यह बातें कही। इस अवसर पर कार्यक्रम में नन्हें-नन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया वहीं अभिभावक अपने बच्चों की प्रस्तुति देख भावुक हो गए। किसानों और भारतीय नौसेना के जवानों की जीवनशैली और उनके जीवंत घटनाक्रमों को प्रस्तुति शाह ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा।

### भाजपा नेताओं ने सुना प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम

# 'हम समाज और सरकार में बढ़ाएंगे महिलाओं की भूमिका'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद अनुसार हम समाज और सरकार में महिलाओं की भूमिका को बढ़ायेंगे। दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, कार्यकर्ताओं आदिक के साथ नारायणा में प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद यह संबोधन दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अपने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संस्कृति में बेटियों के सम्मान को सर्वोपरी बताया जो संस्कार निर्माण में एक बड़ी भूमिका निभाने का काम करती है। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा ने रविवार को प्रदेश भर में बूथ स्तर पर आयोजित 5018 छोटे बड़े कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इनके अलावा 'मन की बात' कार्यक्रम में सांसद बांसुरी स्वराज और विधायक उमंग बजाज के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आरडब्ल्युए नारायणा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी, राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक संजय मयूख, प्रदेश मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, करोलबाग जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड़ भी उपस्थित थे। वहीं, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने कीर्ति नगर में 'मन की बात' कार्यक्रम सुना और कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

#### भारत की ताकत और संकल्पों को दर्शाता है रॉकेट लॉन्चिंग

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की सराहना की वह स्मरणीय है। उन्होंने कहा कि इसरो के 100वें रॉकेट लॉन्चिंग का साक्षी पूरा देश बना है और यह सिर्फ एक नंबर नहीं है बल्कि भारत की ताकत को और हमारे संकल्पों को दर्शाता है। सचदेवा ने कहा कि दुनिया में भारत की इतनी तारीफ की जा रही है क्योंकि भारत एआई तकनीक उपयोग के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के मुख्य रोड पर रविवार को दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने



भीषण टक्कर लग गयी। जिसमे फेशियल टक्कर में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद कुशलया गांव में मातम पसर गया। पुलिस ने दोनों मरने वालों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### डीजे पर डांस के लिए दो पक्षों में मारपीट, छह धराए

**मुरादनगर।** रावली कलां में शनिवार देर रात डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर



मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव रावली कलां मे शनिवार रात शादी समारोह चल रहा था। डीजे पर कुछ युवक डांस कर रहे थे। पंसद का गाना बजाने और उस पर डांस करने को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई। इस दौरान एक-दूसरे पर धारदार हथियार से भी वार किए गए।

### सिख समाज ने कैबिनेट मंत्री सिरसा को दी बधाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सिख समाज ने रविवार को दिल्ली जाकर कैबिनेट मंत्री सरदार



मनिंदरजीत सिंह को बधाई दी। उनको कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। मनिंदरजीत सिंह सिरसा जको समाज के द्वारा कृपाण भेंट करके फूलों का गुलदस्ता देकर शाल उड़ाकर फूल-मालाओं के साथ खुशी का इजहार किया और सबको मुंह मीठा कराया। उपस्थित लोगों में दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव जास्मीन सिंह नोनी, इंद्रजीत सिंह टीटू प्रधान गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा एसपी सिंह ओबेरॉय महामंत्री गुरुद्वारा गुरु सिंह उपस्थित रहे।

# नवांकुरों को निरंतर संवारने का काम कर रही है 'कथा रंग' की अनूठी पाठशाला: महेंद्र भीष्म

- कथा रंग ने साहित्य, कला और संस्कृति की विभूतियों को दिया उषा यात्री स्मृति स्वयंसिद्धा पुरस्कार

**डॉ. स्वाति, डॉ. आभा बंसल, डॉ. वंदना और भूमिका हुई सम्मानित**

**कार्यक्रम की शुरुआत अलंकरण समारोह से हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

'कथा रंग' द्वारा आयोजित कथा संवाद और 'स्वयंसिद्धा' अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ रचनाकार सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि कहानी को समर्पित यह आयोजन देश में अपने तरीका का ऐसा आयोजन है जो नवांकुरों को निरंतर संवारने का काम कर रहा है। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कथाकार महेंद्र भीष्म ने कहा कि पढ़ना साहित्य सृजन की पहली सीढ़ी है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने उस दौर में पढ़ना शुरू किया जब 25 पैसे रोज पर किताब किराए पर मिलती थी। एक लेखक एक पंक्ति लिखने के पहले हजार पंक्तियां पढ़ चुका होता है। उन्होंने कहा की 'कथा रंग' एक ऐसा मंच है जहां पढ़ी गई रचनाओं पर निरपेक्ष भाव से चर्चा होती है। ऐसी चर्चाओं से ही नए लिखने वालों का लेखन समृद्ध होता है। कवि नगर रामलीला मैदान स्थित जानकी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत 'श्रीमती उषा यात्री स्मृति स्वयंसिद्धा' अलंकरण समारोह से हुई। साहित्य, कला और संस्कृति को समर्पित यह पुरस्कार डॉ. स्वाति चौधरी, डॉ. आभा बंसल और डॉ. भावना कुंअर को प्रदान करते हुए डॉ. माला कपूर 'गौहर' ने कहा कि कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में 'कथा रंग' और यात्री परिवार का योगदान अतुलनीय है। सम्मानित होने वाली विभूतियां में शामिल वरिष्ठ रचनाकार डॉ. स्वाति चौधरी ने कहा कि यह सम्मान उन्हें हमेशा स्वयंसिद्ध होने का एहसास कराता रहेगा। सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ. भावना कुंअर ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त होना उनके लिए इसलिए भी गौरव की बात है क्योंकि यह उपलब्धि यात्री और कुंवर बेचैन परिवार के बीच संबंध सेतु को और मजबूत करेगी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ. आभा बंसल ने कहा कि उन्हें जीवन पर्यंत यात्री परिवार का स्नेह मिलता रहा है, लेकिन स्वयंसिद्धा पुरस्कार उनकी अब तक की उपलब्धियां में मील का पत्थर साबित होगा।

**रामलीला मैदान में हुआ अलंकरण समारोह का आयोजन**



### अश्क लिखित नाटक 'तौलिए' का मंचन किया

*इस अवसर पर सिनीवाली, प्रताप सिंह व शिवराज सिंह के अलावा किशोर वय के रचनाकार हितेश त्यागी की रचनाओं पर हुए विमर्श में कमलेश भट्ट कमल, सुभाष अखिल, विपिन जैन, योगेश अवस्थी, प्रगीत कुंअर, रजनीकांत शुक्ल, डॉ. वीना मित्तल, अनिल शर्मा, तुलिका सेठ, प्रदीप भट्ट, शकील अहमद सैफ, अरुण कुमार यादव, नूतन यादव व मनीषा गुप्ता ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंदर ने किया। यात्री परिवार की ओर से आलोक यात्री, संध्या यात्री और मेघना यात्री ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपेन्द्र नाथ अश्क लिखित नाटक 'तौलिए' का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध लेखिका एवं उपेंद्र नाथ अश्क की पुत्रवधू भूमिका द्विवेदी ने कहा कि यात्री और अश्क परिवार का अटूट रिश्ता चौथी पीढ़ी तक आ पहुंचा। उन्होंने कहा कि इस संयुक्त पारिवारिक पीढ़ी की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि लेखन दोनों परिवारों की साझा परंपरा है। समग्र भारत नाट्य मंच की प्रस्तुति 'तौलिए' का निर्देशन टेकचंद ने किया। जिसमें अंजली, सौरभ कुमार, कविता, निकिता करायत, विजय लक्ष्मी एवं खुशबू ने अभिनय किया। सहयोगियों की भूमिका प्रताप सिंह, मृदुल कुमार, गायत्री, अमित कुमार ने निभाई।*

## सीएम सैनी के 'रोड शो' से चुनावी फिजा बदली, उमड़ा जनसैलाब

# मुख्यमंत्री ने कहा-एकतरफा जीत कमल के फूल की होगी

मुख्यमंत्री द्वारा तिगांव, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी व बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्डों में रोड़ शो किया जहां पर लोगों द्वारा भाजपा प्रत्याशियों को भरपूर समर्थन कर आश्वासन दिया गया। रोड़ शो के दौरान मुख्यमंत्री के साथ नगर निगम फरीदाबाद की मेयर पद की प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के चुनावी समर में उतरे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा रोड शो करने के बाद चुनावी फिजा बदली-बदली सी नजर आ रही है। मुख्यमंत्री द्वारा तिगांव, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी व बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्डों में रोड़ शो किया जहां पर लोगों द्वारा भाजपा प्रत्याशियों को भरपूर समर्थन कर आश्वासन दिया गया। रोड़ शो के दौरान मुख्यमंत्री के साथ नगर निगम फरीदाबाद की मेयर पद की प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की लहर है स्थानीय निकाय चुनाव में एक तरफा जीत कमल के फूल की होगी। सभी रोड शो में उमड़े जनसैलाब से गदगद सीएम सैनी ने कहा कि आज के ऐतिहासिक रोड शो में जनता-जनार्दन ने अपने प्यार और आशीर्वाद के रूप में फूल बरसाए हैं। रोड शो के दौरान हुए स्वागत और सम्मान के लिए मुख्यमंत्री ने सभी लोगों का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 मार्च को प्रदेश की जनता-जनार्दन भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर रिकॉर्ड मतों से खुशहाली और समृद्धि का कमल खिलाने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहा प्यार और आशीर्वाद ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा की एकतरफा जीत होगी और नॉन स्टॉप विकास के लिए हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त होते हुए कहा कि जो अपार भीड़ रोड शो में उमड़ रही है वो 2 मार्च को वोट के रूप में तब्दील होगी और भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी ट्रिपल इंजन की सरकार में सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर मेयर बनेगी और सभी वार्डों में कमल खिलेगा।



**मुख्यमंत्री ने बल्लभगढ़ से की 'रोड शो' की शुरुआत**

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बल्लभगढ़ विधानसभा से रोड शो का शुभारंभ किया। बल्लभगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री ने मेयर प्रवीण बत्रा जोशी और भाजपा के वार्ड 3 प्रत्याशी रवि कश्यप, वार्ड 4 प्रत्याशी संगीता भारद्वाज, वार्ड 40 नवीन चेची, वार्ड 41 महेश गोयल, वार्ड 42 योगेंद्र सैनी, वार्ड 43 श्रीमती स्वराज सिंह, वार्ड 44 प्रदीप टोंगर, वार्ड 45 श्रीमती किरण बाला, वार्ड 46 सोहनवीर के लिए समर्थन मागा। बल्लभगढ़ विधानसभा रोड शो में मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता मीडिया सह प्रभारी राज मदान उपस्थित रहे। सीएम सैनी ने दूसरा रोड शो एनआईटी विधानसभा में विधायक सतीश फागना, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ निकाला और सीएम ने मेयर प्रवीण बत्रा जोशी एवं वार्ड .1 प्रत्याशी मुकेश डागर, वार्ड-2 राजेश डागर, वार्ड-5 शीतल खटाना, वार्ड-6 गायत्री देवी, वार्ड-7 सविता भड़ाना, वार्ड-8 राकेश देवी लोहिया, वार्ड-9 संगीता भाटिया, वार्ड-11 बबिता भड़ाना, वार्ड-10 भगवान सिंह के समर्थन में निकाला और लोगों से वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने बड़खल विधानसभा में विधायक धनेश अदलक्खा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ रोड शो निकालकर मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी एवं वार्ड 12 श्रीमती सुमन बाला, वार्ड 13 हरि कृष्ण गिरोटी, वार्ड 15 जसवंत सिंह, वार्ड 16 मनोज नासवा, वार्ड 17 श्रीमती शोभा, वार्ड-18 कर्मबीर सिंह बैंसला, वार्ड-19 जगत सिंह, वार्ड 20 संदीप चपराना आदि उपस्थित थे।*

### एकजुट होकर कमल खिलाएं, क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी मेरी:नायब

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की नॉन स्टॉप सरकार और क्षेत्र की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निकाय चुनाव प्रदेश को और अधिक मजबूत बनाने का चुनाव है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप लोग एकजुट होकर कमल खिलाएं, आपके क्षेत्र का विकास और तरक्की की जिम्मेदारी मेरी होगी।*

### एक झलक पाने को उमड़ा हुजूम

*सभी रोड शो के दौरान लोगों में मुख्यमंत्री नायब सैनी की झलक पाने की ललक थी। नायब सैनी के लिए एक अलग तरह का लगाव रोड शो के दौरान लोगों में नजर आया। लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया और फूल बरसाए। रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़े ही सरल अंदाज में हाथ जोड़कर हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया और 2 मार्च को कमल के फूल के निशान पर वोट देने की अपील की।*

## भूकंप से कोई नुकसान नहीं

# गाजियाबाद में भूकंप के झटके, 2.8 थी तीव्रता




एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रविवार 23 फरवरी को दोपहर 3:24 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए. जिससे लोगों में दहशत फैल गई और वो घरों से बाहर निकल गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 बताई जा रही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि इस भूकंप से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। हाल ही में दिल्ली एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा। ये भूकंप सुबह करीब 5:36 बजे आया था, उस समय ज्यादातर लोग सो रहे थे लेकिन भूकंप के झटकों ने लोगों को हिलाकर रख दिया। रिक्टर स्केल पर में भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी। भूकंप का केंद्र महज 5 किलोमीटर नीचे था। ये भूकंप गाजियाबाद-नोएडा में फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी इसका असर देखने को मिला।

### भूकंप का केंद्र धौला कुआं दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में था

इस भूकंप का केंद्र धौला कुआं, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में था और इसकी गहराई सिर्फ 5 किलोमीटर थी. कम गहराई के कारण झटके तेज महसूस किए गए, जिससे लोग खौफजदा हो गए और घरों से बाहर निकल गए थे।

### हिमालयी क्षेत्र भूकंप के लिहाज से ज्यादा सक्रिय

भारतीय मानक ब्यूरो यानी बीआईएस ने भूकंप की तीव्रता और आवृत्ति के आधार पर भारत को चार भूकंपीय क्षेत्रों में बांटा है।

## टिफिन सर्विस के नाम पर युवती से हजारों ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम ईस्ट एरिया में टिफिन सर्विस के नाम पर जालसाज ने एक युवती से 42 सौ रुपए ठग लिए। युवती द्वारा बार-बार रुपए वापस मांगने पर रुपए नहीं दिए जा रहे और न ही खाने का टिफिन भेजा गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के फेज-3 निवासी स्वाति ने बताया कि उसने 10 जनवरी 2025 को ऐज लाइक होम टिफिन सर्विस से टिफिन मंगवाने के लिए संपर्क किया था।

## मृतक के पिता ने लिखित में शिकायत दर्ज कराई

# युवक की हत्या केस में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

युवक की हत्या मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच व पुलिस चौकी एसपीआर की पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को बहरामपुर रोड से गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों ने साक्ष्य नष्ट करने व तथ्य छुपाने के इरादे से शव को सुनसान जगह पर फेंक दिया था। पुलिस युवक की हत्या करने वाले आरोपियों के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है, ताकि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

दरअसल, 16/17 फरवरी की रात को पुलिस चौकी एसपीआर को सूचना मिली कि गांव बेगमपुर खटोला जाने वाले रोड पर कंपनी के पीछे सुनसान जगह पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और एफएसएल, फिंगरप्रिंट व डॉग स्क्वाड टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। मृतक की पहचान प्रणव कुमार (21 वर्ष) निवासी भहरी बाधनाह जिला मधुबनी, बिहार के रूप में हुई। मृतक के पिता ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि उसका बेटा प्रणव कुमार गुरुग्राम में एक कंपनी में नौकरी करता था और अपने दो अन्य साथियों के साथ खांडसा में किराए पर रहता था। 15 फरवरी को उसके लड़के ने फोन पर बताया था कि इसके रूममेट खर्चे के पैसे के बंटवारे को लेकर झगड़ा कर रहे हैं। इसके बाद 17 फरवरी को गुरुग्राम पुलिस ने उसको सूचना दी कि उसके बेटे का शव सुनसान जगह पर मिला है। मृतक के पिता ने आरोप लगाया था कि उसके रूममेट व मकान मालिक ने षड्यंत्र के तहत उसके बेटे की हत्या की है। बादशाहपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच व पुलिस चौकी एसपीआर की पुलिस टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान गुरुग्राम के खांडसार निवासी रोहित, यूपी के संभल निवासी सतीश, प्रतापगढ़ निवासी विजय कुमार व सुल्तानपुर निवासी बृजेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि प्रणव कुमार (मृतक) खांडसा निवासी रोहित के मकान में किराए पर रहता था। 16/17 फरवरी की रात को रोहित ने देखा कि प्रणव कमरे में सो रहा था और बाहर से ताला लगा हुआ था। रोहित को लगा कि प्रणव शराब के नशे में सो रहा है। उसने ताला तोडक़र अंदर देखा तो प्रणव कुमार मृत अवस्था में पड़ा था। रोहित ने मृतक प्रणव कुमार की आईडी नहीं ले रखी थी। इस बात को लेकर उसके मन में भय था कि पुलिस इससे भी पूछताछ करेगी। इस कारण उसने किराए पर रह रहे तीनों आरोपियों के साथ मिलकर अपनी गाड़ी में प्रणव कुमार के शव को डालकर सुनसान जगह पर फेंक दिया था।

## अवैध गांजा मुहैया कराने वाले दो आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने अवैध गांजा मुहैया कराने वाले दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। दरअसल, सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने गांव झाड़सा से एक व्यक्ति को अवैध गांजा सहित काबू किया था। जिसकी पहचान छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी हर्ष चावला के रूप में हुई थी। जो फिलहाल यहां गांव झाड़सा में रहता था।

पुलिस ने आरोपी से एक किलो 980 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर सदर थाना में केस दर्ज कर लिया। मामले में सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांजा मुहैया कराने वाले दो आरोपियों को गुरुग्राम के शिवनगर से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान मोहन कुमार निवासी गांव बगराई जिला हरदोई (उत्तर-प्रदेश) व राहुल निवासी ढाना कलां जिला हिसार के रूप में हुई।

## हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद और जाट संस्था के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 83 रक्तवीरों ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद और जाट संस्था फरीदाबाद के तत्वाधान में आज प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में संतों के गुरूद्वारे के सहयोग से महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में लगभग 83 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस मौके पर हरियाणा युवा संघ के संस्थापक अनिल दहिया व जाट संस्था के प्रधान आजाद सिंह सांगवान ने रक्तवीरों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा भेंट किया गया रक्त सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति, बीमार लोगों व गर्भवती महिलाओं को चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर अनिल दहिया व आजाद सिंह सांगवान ने कहा कि जाट समाज जनहित के कार्यों को करने में कभी पीछे नहीं हटता है। दहिया ने बताया कि हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद पिछले कई वर्षों से ग्रामीण अंचल से जुड़ा खेल कबड्डी व हरियाणवीं रागनी को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। इस अवसर पर हरियाणा युवा संघ के प्रधान संजय खासा, महासचिव संदीप पहल, कोषाध्यक्ष अजय दहिया, जाट संस्था फरीदाबाद के प्रधान आजाद सिंह सांगवान, महासचिव रामनिवास केंदल, कोषाध्यक्ष धर्मपाल ओला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




## केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल के मामा का निधन

### इलाज के दौरान हुआ ब्रेन हेमरेज, सीएम सैनी समेत कई नेता श्रद्धांजलि देने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के मामा राजपाल नागर का असामयिक निधन हो गया। राजपाल नागर गांव नवादा-तिगांव के निवासी थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार नवादा के श्मशान घाट पर किया गया।

इस दौरान सीएम नायब सैनी ने शोकाकुल परिवारों के ढांढस बंधाया। जानकारी के अनुसार राजपाल नागर को हृदयाघात की शिकायत के बाद सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के प्रयास किए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन



से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के मामा के राजपाल के निधन पर शोक जताने और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी फरीदाबाद नवादा गांव के श्मशान घाट पहुंचे उनके साथ कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्य मंत्री राजेश नागर भी मौजूद रहे। शहर के प्रमुख नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

## अगले साल फिर मिलने के वादा के साथ संपन्न हुआ 38वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

# विश्व पटल पर हरियाणा को नई पहचान दे रहा है सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

**पर्यटन मंत्री डॉ.शर्मा ने कहा विकसित भारत की संकल्पना में मील का पत्थर साबित हो रहा मेला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि लाखों लोगों की रिकार्ड भीड़ और कलाकारों के समागम की दृष्टि से सूरजकुंड मेले को शिल्प और कला का महाकुंभ कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल सामान बेचने का माध्यम नहीं है, बल्कि यहां हरियाणा के साथ-साथ देश और दुनिया की समृद्ध संस्कृतिए खानपान और परिधान देखने का मिलते हैं। यहां आकर हमें मिनी भारत के दर्शन होते हैं। सूरजकुंड शिल्प मेला देश की शान और हरियाणा की पहचान बन चुका है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने 38 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में 28 वें सूरजकुंड मेले से वे लगातार इस शानदार आयोजन में शरीक होते रहे हैं। 11वीं बार वे इस मेले में आए हैं। वर्ष 2015 में पहली बार सूरजकुंड मेले को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करते हुए 20 देशों ने इसमें भागीदारी की थी। अब उनकी संख्या 44 हो चुकी है। सूरजकुंड शिल्प मेला और कुरूक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह हरियाणा को इंटरनेशनल लेवल पर गौरवान्वित कर रहे हैं। सूरजकुंड मेले में आकर जहां एक तरफ दक्षिण भारत के इडली डोसा खाने को मिलते हैं, वहीं दूसरी तरफ हरियाणा के खाट के ठाठ, बाजरे की खिचड़ी का स्वाद आप लेते हैं।

ससे हरियाणा की संस्कृति का प्रसार विदेशों तक हो रहा है। यह मेला देश की एकता और अखंडता को मजबूत कर रहा है। हजारों-लाखों कला प्रेमी यहां एक स्थान पर एकत्रित होते हैं। कला के मर्म को कोई सच्चा कलाकार ही जान सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा प्रकृति के हर स्वरूप में आपको कला देखने को मिलेगी। सबसे बड़ा कलाकार वो भगवान है, जिन्होंने इस सुंदर सृष्टि की रचना की। जीव-जंतुओं में भी आप कला के दर्शन कर सकते हैं उदाहरण के तौर पर मकड़ी का बनाया जालाए बया का घोंसला कोई मनुष्य नहीं बना सकता।



### पर्यटन मंत्री शर्मा ने समारोह को संबोधित किया

*समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि सूरजकुंड का शिल्प मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का जो संकल्प लिया है, उस कड़ी में यह अंतरराष्ट्रीय मेला मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अंतरराष्ट्रीय मेले को विहंगम स्वरूप देकर इस सफलता के मार्ग को प्रशस्त करने का काम किया है। विगत वर्ष मेले में 13 लाख पर्यटक आए थे और वर्ष 2025 में पर्यटकों की संख्या 18 लाख पहुंच गई है।*

# वाराणसी में रोपवे के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, तीन महिलाओं की याचिका पर आदेश

वाराणसी में रोपवे के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। तीन महिलाओं की याचिका पर कोर्ट ने यह आदेश देते हुए अगली सुनवाई के लिए अप्रैल की तारीख दी है।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में बन रहे रोपवे के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश तीन महिलाओं की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में आरोप लगाया था कि उनकी जमीन अधिग्रहण किए बगैर ही रोपवे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और संजय करोल की पीठ ने इस मामले में सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद संबंधित प्राधिकार को रोपवे के निर्माण को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। दूसरे शब्दों में निर्माण कार्य जिस स्थिति में है उसी स्थिति में रहे और आगे कोई निर्माण न हो। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही, मामले में नोटिस जारी कर संबंधित पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ ने मामले की सुनवाई अप्रैल 2025 तय की है।



### हाईकोर्ट ने रोक लगाने से कर दिया था इनकार

*इस मामले में हाईकोर्ट ने किसी तरह का अंतरिम आदेश या कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। किसी तरह का अंतरिम राहत नहीं मिलने के बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर विचार करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ नोटिस जारी किया बल्कि यथास्थिति बनाए रखने का भी आदेश दिया।*

### देश का अपनी तरह का इकलौता प्रोजेक्ट

*वाराणसी में बन रहा रोपवे देश का अपने तरह का इकलौता प्रोजेक्ट है। रोपवे के रूप में अर्बन ट्रांसपोर्ट की यह शुरुआत है। अभी तक देश में कहीं भी सार्वजनिक परिवहन के लिए रोपवे का इस्तेमाल नहीं होता है। यह बनारस से सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। इसके पहले चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। दूसरे चरण के तहत जल्द ही गोदौलिया स्टेशन का निर्माण शुरू होना है। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर और प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट के पास गोदौलिया तक रोपवे लेकर जाएगा। इसके एलाइनमेंट का ट्रायल चल रहा था। माना जा रहा था कि अप्रैल-मई से यात्री इस पर सफर करना शुरू कर देंगे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुरुआत में देरी तय है।*

## खबर संक्षेप

### तेलंगाना सुरंग हादसा: झारखंड के 3 श्रमिक फंसे

**रांची।** तेलंगाना के नागरकुरनूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम सुरंग की छत का एक हिस्सा गिर जाने से आठ



मजदूर फंस गए। वहीं तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों में झारखंड के संदीप, संतोष और जटका हिरन शामिल हैं। वहीं अन्य पांच मजदूरों में पंजाब के गुरजीत सिंह, जम्मू-कश्मीर के सन्नीत सिंह, यूपी के श्रीनिवासुलु और मनोज रूबेना (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं।

### योग कर रहे स्कूल प्रबंधक का सिर धड़ से अलग

**जालौन।** जिले में बेहद दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां तीन स्कूलों के



संचालक की सरेराह धड़ से गला अलग कर मौत के घाट उतार दिया गया। जब स्कूल प्रबंधक योग कर रहे थे। योग के लिए जैसे ही उन्होंने अपना सिर झुकाया, धारदार हथियार से वार कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड




परीक्षाएं कल यानी 24 फरवरी 2025 से शुरू हो रही हैं। इस बार परीक्षा में सुरक्षा और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया गया है। परीक्षाएं 12 मार्च 2025 तक हाईस्कूल के लिए और 20 मार्च 2025 तक इंटरमीडिएट के लिए आयोजित की जाएंगी।

## स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बोले मुख्यमंत्री योगी

# अब वन ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बनेगा उत्तर प्रदेश

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को आगरा में स्टार्टअप कान्क्लेव में भाग लेने पहुंचे। उन्होंने इस कार्यक्रम में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। देश में अब कुल 118 यूनिकॉर्न कंपनी हैं।

एजेंसी ▶▶ आगरा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को होटल अमर विलास में यूनिकॉन कंपनीज के स्टार्टअप कान्क्लेव में भाग लेने के लिए आए। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर के यूनिकॉन कंपनी के लोग विचारों का आदान प्रदान कर रहे हैं। कोई भी यूनिकॉन कंपनी बिना निवेशकों के आगे नहीं बढ़ती है।

सीएम ने कहा कि विचारों की परंपरा प्राचीन काल से है। वाल्मीकि रामायण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लोकप्रिय होने का कारण महर्षि वाल्मीकि की व्यावहारिक समझ थी। रामायण की रचना से पहले उनके मन में श्लोक आ रहा था। वे नारद जी के पास गए। नारद जी ने भगवान श्रीराम को आधार रखने की सलाह दी। महर्षि ने ऐसा करके ही रामायण की रचना की। अगर विचारों का आदान प्रदान नहीं होता तो रामायण नहीं रची जाती।

**खास बातें**

- यूनिकार्न कंपनीज के स्टार्टअप कान्क्लेव
- स्टार्टअप में सराहनीय कार्य करने वालों को सीएम ने किया सम्मानित
- विचारों का आदान प्रदान न होता तो रामायण नहीं रची जाती



### प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं के बारे में सोचा

*मोदी ने जो उस समय युवाओं के बारे में कहा था कि हमारा युवा जाब सीकर नहीं जाब क्रियेटर बनेगा। स्टार्टअप इंडिया दुनिया में पहचान बना चुका है। हमारे देश में अनेक यूनिकॉन हैं। उत्तर प्रदेश में जो कदम उठाए गए हैं। 15 हजार से अधिक स्टार्ट अप यूपी में हैं। सात हजार ऐसे हैं, जो महिलाओं के हैं। जीवन के अलग-अलग फील्ड में कुछ नया करके दिखाया है। उप्र जैसे राज्य में फिजिक्स वाला यूनिकॉन बन गया। एक वर्ष पहले मुलाकात हुई थी। तब मैंने पूछा था। अवसर पहले भी थे, लेकिन अब देखते ही देखते यूपी के प्रतियोगी छात्रों ने इसे हाथों हाथ लिया। जहां तकनीकी के बारे में लोग कम जानते हैं, वहां भी फिजिक्स वाला को जानते हैं। यह दिखाता है कि विचारों के साथ तकनीकी जुड़ती है तो परिणाम आते हैं।*

### पहले लोगों को सिस्टम के प्रति विश्वास नहीं था

*आप लोगों के विचारों का आदान प्रदान एक नई रामायण की आधार शिला जैसा है। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। स्टार्ट अप की संस्कृति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नया आयाम दिया है। लोगों में विश्वास बढ़ा है। पहले सिस्टम के प्रति विश्वास नहीं था। पीएम ने 'मेक इन इंडिया' शुरू किया। अब देश में इस दिशा में बहुत अच्छे कदम उठाए गए हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर हमेशा लोगों को प्रोत्साहित किया है। आप में से भी बहुत से लोगों ने स्टार्टअप इंडिया से बहुत कुछ सीखा होगा।*



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं को अभूतपूर्व महत्व दिया गया है: प्रो निरंजन कुमार

**नई दिल्ली।** आज जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की भारतीय भाषा समिति और दिल्ली विश्वविद्यालय की भारतीय भाषा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा महोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री सुरेश जैन और दिल्ली विश्वविद्यालय की भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार जी अध्यक्ष के रूप में मंच पर सुशोभित थे। इस कार्यक्रम की संयोजक कॉलेज की उप-प्राचार्य प्रो. संध्या गर्ग थी। सभी चिंतकों ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर माननीय सुरेश जैन ने बताया कि हमें भाषा को विकसित ही नहीं करना अपितु संस्कार के साथ विकसित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरों में अपनी भाषा की जगह अन्य भाषा अंग्रेजी में बोलने का प्रचलन खतरनाक है। उन्होंने स्पष्ट किया की मातृभाषा से ही हमें आत्मिक बल मिलता है।

प्रो. निरंजन कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा केवल अस्मिता ही नहीं हमारे गौरव, आजीविका और रचनात्मकता की भाषा है। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुभाषा पर बल दिया गया है। उन्होंने लिपि को मरने से बचने के लिए भी चिंता जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन आदि विभिन्न देश अपनी मातृभाषा के कारण ही विश्व में वर्चस्व बनाए हुए हैं। कार्यक्रम में विभिन्न प्राध्यापकों ने अपनी मातृभाषा में व्याख्यान दिया साथ ही छात्राओं ने लोकगीत प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। इस अवसर पर कॉलेज में मातृभाषा में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

## पेज एक का शेष

### 8 वां इन्वेस्ट मप्र: ग्लोबल इंवेस्टर्स...

वन-टू-वन चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को शाम 5 बजे भोपाल पहुंचे। इसके तत्काल बाद राजकीय विमानतल से वे सीधे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री ने पार्टी के सांसदों, विधायकों जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। वहां से सीधे राजभवन पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने रात्रि विश्राम राजभवन में किया। प्रधानमंत्री के भोपाल आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मप्र के विकास की यात्रा को दिशा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन जनप्रतिनिधियों के लिए अत्यंत मूल्यवान साबित होगा। समिट के आयोजन से प्रदेश की राजधानी भोपाल, देश के सबसे बड़े निवेश सम्मेलन का केंद्र बन गई है और मप्र उद्योग हब बनकर उभर रहा है। पीएम देश-विदेश से आए निवेशकों, उद्योगपतियों, प्रवासी भारतीयों और स्टार्ट-अप्स को संबोधित करेंगे। वे मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में राज्य की 18 से अधिक नई नीतियों का अनावरण करेंगे। इसमें औद्योगिक, खाद्य, निर्यात, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स, जीसीसी, सेमी-कंडक्टर, ड्रोन, पर्यटन, फिल्म निर्माण नीति शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से पहले राज्य की औद्योगिक और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने वाला 5 मिनट की वीडियो फिल्म प्रदर्शित की जाएगी।

**यह देश होंगे जीआईएस में भागीदार:** इनमें ग्लोबल साउथ, जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों और जापान और मप्र के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र शामिल हैं। कनाडा के साथ एक राउंड टेबल मीटिंग, पोलैंड के साथ एक कंट्री सेशन और एक बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र भी होगा। विभागीय शिखर सम्मेलन में नवीनीकृत मप्र शिखर सम्मेलन, 'कुसुम' परियोजनाओं के लिए हस्ताक्षरित पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए), लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) वितरण और बीईएसएस परियोजना के साथ मुरैना सौर पर पूर्व-बोली बैठकों सहित हरित ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**बी टू बी और बी टू जी मीटिंग :** जीआईएस-2025 के तहत बीट-2-बी (बिजनेस टू बिजनेस) और बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) मीटिंग के माध्यम से व्यवसायों के लिए विशेष नेटवर्किंग प्लेटफ़ॉर्म प्रदान किया जाएगा, जिससे निवेशक सीधे नीति निर्माताओं, नियामक निकायों और उद्योग के नेताओं से जुड़ सकते हैं। एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट, एमपी गवर्नमेंट और बिजनेस मीट और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग जैसे प्रमुख कार्यक्रम रणनीतिक व्यावसायिक नेटवर्किंग, नियामक चर्चा और उद्यमिता विकास की सुविधा प्रदान करेंगे।

### सहभागिता के लिए 25 हजार...

लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी नादिर गोदरेज, रसना प्राइवेट लिमिटेड के समूह अध्यक्ष पिरुज खंबाटा, भारत फोर्ज लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी बाबा एन कल्याणी, सन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के ग्लोबल हेड ऑफ ऑपरेशंस राहुल अवस्थी और एसीसी लिमिटेड के सीईओ नीरज अखौरी जैसे दिग्गज शामिल हैं।

### हमारे पर्व और ...

ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं। मोदी रविवार को छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बालाजी का विग्रह और सनातन धर्म पर लिखी किताब के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया। मोदी ने बाला जी के दर्शन भी किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अलावा आचार्य रामभद्राचार्य महाराज और साध्वी ऋतंभरा सहित बड़ी तादाद में संत, महात्मा भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को छोटा भाई कहा। उन्होंने कहा कि मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को देकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता की जीत में एक और संकल्प लिया है, कैंसर संस्थान के निर्माण की जिम्मेदारी। अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आर्शीवाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में कैंसर से लड़ने के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। हमने फैसला किया है कि कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी। मोदी ने कहा कि हमारे मंदिर एक ओर पूजा के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का वह विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है।

**एकता के महाकुंभ में 'नेत्र महाकुंभ' भी:** प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया। उन्होंने कहा कि एकता के इस महाकुंभ में नेत्र महाकुंभ चल रहा है। इसमें देश भर से आए लोगों की आंखों की जांच मुफ्त में होती है। यहां अब तक 2 लाख से ज्यादा भाई-बहनों की आंखों की जांच हो चुकी है। डेढ़ लाख लोगों को निशुल्क दवाई और चश्मे दिए गए हैं। कुछ लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन की जरूरत थी, यहां से अच्छे अस्पतालों में करीब 16 हजार ऑपरेशन के लिए भेजा गया। एक भी पैसा खर्च किए बिना इनके ऑपरेशन किए गए हैं।

### बुंदेलखंड के लिए ...

बहुत बड़ी सौगात दी, अब कैंसर अस्पताल के माध्यम से बुंदेलखंड को दूसरी बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। आज हम देश की नदियों को जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास में मंदिरों की भी भूमिका है। इसलिए, मंदिरों के विकास के लिए भी कोई योजना होनी चाहिए।

### जब मोदी ने निकाली...

कि आपके मन में ब्याह की बात चल रही है। उन्होंने कहा कि हमने माता जी के प्रति प्रधानमंत्री मोदी जी का भाव देखा तो प्रण लिया कि प्रधानमंत्री की माता जी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाएगा। शास्त्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री से कहा कि हमारे ब्याह में भले ही आप न आ पाएं, लेकिन अस्पताल के उद्घाटन में जरूर आइएगा।

### आस्था का केंद्र ...

सौभाग्य मिला है। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का केंद्र बनने जा रहा है। कैंसर हर जगह बड़ी परेशानी बन रहा है। इसलिए आज सरकार, समाज, संत सब कैंसर के खिलाफ लड़ाई में मिलकर प्रयास कर रहे हैं। गांव में अगर किसी को कैंसर हो जाए तो उससे लड़ना बहुत मुश्किल होता है। लंबे समय तक पता ही नहीं चलता कि कैंसर हुआ है। बुखार और दर्द की दवाई लोग लेते रहते हैं। लोग तांत्रिक के पास चले जाते हैं। जब गांठ दिखती है तब पता चलता है कि कैंसर हुआ है। पता चलते ही घर में मातम छा जाता है। सारे सपने चूर-चूर हो जाते हैं।

### संत महात्मा भी...

बनवाना चाहिए, ताकि कभी बीमारी में मुझे भी सेवा का मौका मिले। दिल्ली में आपका बेटा बैठा है। इसके लिए आपको आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिनका नहीं बना है वो जल्दी बनवा लें। मुख्यमंत्री जी से कहूंगा, इस क्षेत्र में कोई छूट गया हो तो तेजी से इस काम को आगे बढ़ाया जाए।

### कोहली के 'विराट' शतक...

भारत ने 242 रनों के टारगेट को 42.3 ओवरों में ही हासिल कर लिया।

**टीम इंडिया ने आखिरी में की चढ़ाई, पाकिस्तान की बैटिंग चरमराई :** बीच के ओवरों में पिच धीमी हो गई और भारतीय गेंदबाजों ने सही लाइन और लैंथ पकड़कर पाकिस्तान के लिए रन बनाना मुश्किल कर दिया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप ने 9 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए। भारतीय गेंदबाजों ने इस कदर दबाव बना दिया था कि एक समय रिजवान और शकील 55 गेंदों तक कोई चौका नहीं लगा सके। बाबर आजम (23) और इमाम उल हक (10) के सस्ते में आउट होने के बाद दोनों को जोखिम लेने से भी बचना था।

### शशि थरूर की कांग्रेस...

साफगोई पसंद नहीं तो मैं कुछ नहीं कर सकता। मैं अपने मन की सुनता हूँ। मन की कहता हूँ। यही केरल के हमारे वोटर को पसंद है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, केरल में कांग्रेस संगठन को चुनाव से पहले दुरुस्त करने का यही समय है, सही समय है, नेतृत्व को स्थिति साफ करनी होगी। चुनाव के लिए तैयार होना होगा, लेकिन उससे पहले मेरी स्थिति पार्टी में मेरी जिम्मेदारी को लेकर साफ करनी होगी।

## सरकारी कार्यालयों व भवनों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का आदेश




**लखनऊ।** यूपी के सभी सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है। अभी तक मौखिक आदेश के तहत मीटर लगाए जा रहे थे। पावर कॉर्पोरेशन का दावा है कि अब तक करीब 2000 से अधिक भावनाओं में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य को 31 मार्च तक पूरा किया जाना है। अभी तक इस मामले में जारी कार्य की प्रगति काफी धीमे हैं। ऐसे में सरकारी कार्यालयों व भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने के काम को तय समय सीमा में पूरा करने का आदेश जारी किया गया है।

## अरूणाभा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया गया नशा मुक्त भारत का आयोजन

**नई दिल्ली।** अरूणाभा वेलफेयर सोसाइटी के बच्चों द्वारा सूरजकुंड इंटरनेशनल क्राफ्ट मेले में हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुहिम के तहत ₹ नशा मुक्त भारत ₹ के ऊपर एक शानदार नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। वेलफेयर प्रमुख प्रणीता प्रभात ने बताया कि बच्चों की प्रस्तुति वहां उपस्थित लोगों को बहुत पसंद आई। सभी लोगों ने बच्चों की खूब सराहना की। लोगो के उत्साह के मध्य बच्चों ने ढेर सारी तालियां बटोरी। नुक्कड़ नाटक में संस्था की ब्रांड एंबेसडर सृष्टि गुलाटी के साथ श्रेयस श्रीवास्तव, साइना विग , अंकित, आरना, राधिका , खुशी, अकांशी, अंकिता, मोनिका, मानव,निशिका , दीप्ति, वंशिका आदि बच्चों ने अपने स्लोगन से लोगों को नशे के खिलाफ जागृत किया।बच्चों ने अपील की सब लोगों को नशे के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। बच्चों ने मेले में झूले और क्राफ्ट स्टॉल्स का भी लुफ्त उठाया। उनकी मुस्कान उनकी खुशी दर्शा




रही थी। लोगों ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह का संचार होता है ओर लोगों को नया रूप भी देखने को मिलता है। इस अवसर पर वेलफेयर के सदस्य सुभाष गोला प्रजापति , प्रवीण गुलाटी, नितिन विग, प्रिया, सुमन, सुनील, और विनीता आदि सभी उपस्थित रहे । वेलफेयर की संस्थापिका प्रणीता प्रभात ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति का अवसर देने के लिए आदर्श जी और सूरजकुंड मेले के आयोजकों का आभार जताया।

## इस्लाम छोड़कर दो युवकों ने अपनाया सनातन धर्म

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में मंत्रोचारण के बीच दो लोगों ने इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि और शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र नारायण सिंह सेंगर (पूर्व नाम वसीम रिजवी) की मौजूदगी में दोनों की घर वापसी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पंडित अमरनाथ मिश्र ने पूजन कराया। इसके बाद दोनों लोगों का गंगा जल से शुद्धीकरण किया गया। वैदिक रीति रिवाज से तिलक लगाकर नाम परिवर्तन किया गया। इस्लाम धर्म मानने वाले बिजनौर निवासी सरफरात अहमद का नाम बदल कर राजन मिश्रा रखा गया और शाहजहांपुर निवासी गुलनाज को विराट शर्मा नाम दिया गया। मनकामेश्वर मठ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में दोनों ने हिन्दू धर्म अपनाते हुए दोनों लोगों ने दावा किया कि उन्होंने अपनी मर्जी से सनातन धर्म में आए हैं। अब इन दोनों युवकों को हर महीने तीन-तीन हजार रुपये भी दिए जाएंगे। दोनों लोगों को जितेन्द्र नारायण ने 11-11 हजार रुपए का चेक व सनातन धर्म में पूरी तरह से समायोजन तक हर माह तीन हजार रुपए आर्थिक सहायता दिए जाने का ऐलान किया।

## ग्रीन हाईवे: डेढ़ हजार किसानों की जमीन का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶ हाथरस

आगरा-अलीगढ़ मार्ग पर एनएच 509 के नाम से नए ग्रीन हाईवे के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। करीब 66 किमी लंबे प्रस्तावित राजमार्ग का करीब 47 किमी का हिस्सा हाथरस जिले से होकर गुजरेगा। इसके लिए जिले में करीब डेढ़ हजार किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जिन किसानों की जमीन ली जाएगी, उनको मुआवजा देने के लिए सर्किल रेट के आधार पर धनराशि का आकलन शुरू कर दिया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस मार्ग पड़ने वाले किसानों-उद्यमियों के अलावा सरकारी भूमि का भी चिह्नांकन कर लिया है। जल्द ही अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद मुआवजा राशि का वितरण शुरू किया जाएगा। केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत इस फोर लेन राजमार्ग का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग टू लेन है। इस मार्ग पर यातायात का काफी दबाव काफी रहता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धर्मवीर सिंह, पुत्रः गुलाब सिंह, पताः ए–27, गली नं. 8, इंद्रापुरी लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 174/14, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **धर्मवीर सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धर्मवीर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 174/14, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **धर्मवीर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री संघमित्रा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**शाहदरा जिला, कमरा नं. 54**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2120/SHD/2025**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), हरियाणा, बेज़ नं. 55–58, पर्यटन भवन, सेक्टर–2, पंचकूला ने अपने पत्र संख्या SEAC/HR/2024/271 दिनांक 20.02.2025 के माध्यम से "पर्यावरण स्वीकृति" प्रदान की है, जिसका ईसी पहचान संख्या EC24B3813HR5352100N है। यह स्वीकृति प्रीमियम इंफ्राटेक एलएलपी को प्रदान की गई है, जिसका कार्यालय 1204, इंद्र प्रकाश बिल्डिंग, 21, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001 पर स्थित है, और यह टीओडी जोन के तहत ग्रुप हाउसिंग स्कीम (7.50 एकड़) सेक्टर–70, जिला गुरुग्राम, हरियाणा के लिए अनुमोदित की गई है, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अनुसार है। सर्वसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त पर्यावरण स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, हरियाणा की वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in पर उपलब्ध है।

यह सार्वजनिक सूचना पर्यावरण स्वीकृति पत्र की शर्त संख्या 10.1 के अनुपालन में जारी की जा रही है।

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**प्रीमियम इंफ्राटेक एलएलपी के लिए।**
**स्थानः दिल्ली**
**दिनांकः 24.02.2025**

## चिंतन

# जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खिलाफ अभियान चले

भारत में जीवनशैली संबंधित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, थायराइड जीवनशैली संबंधी रोग माने जाते हैं। हाल में ही सरकार ने 30 वर्ष की उम्र से अधिक करीब 89 करोड़ लोगों की देशभर में स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला लिया है। सरकार राष्ट्रीय अभियान चलाकर इस उम्र के लोगों में डायबिटीज, बीपी, कैंसर की जांच करवाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापे पीड़ितों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है और लोगों से दस फीसदी कम फैट के सेवन का आह्वान किया है। हाल के दशकों में भारतीयों की लाइफस्टाइल से शारीरिक श्रम कम होता गया है और सिडेंट्री लाइफ अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 21 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, 19 करोड़ लोग बीपी के शिकार हैं, 14 करोड़ लोग मोटापा व करीब 9 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित हैं। 15 करोड़ से अधिक महिलाएं थायराइड की शिकार हैं। देश में करीब 40 करोड़ से अधिक लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। देश में फास्टफूड का चलन बढ़ा है, बाहर खाने की चाहत बढ़ी है। इन कारणों से लाइफस्टाइल संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया है। इसके दो फायदे हैं। खानपान में तेल की खपत कम होने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा और देश को तेल कम आयात करना होगा। चिकित्सकों के मुताबिक, नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल व शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छे फैट माने जाते हैं, जबकि अन्य रिफाइंड आयल ठीक नहीं माने जाते। भारत बड़ी मात्रा में पाम समेत कई प्रकार के रिफाइंड तेल आयात करता है। पीएम ने फिट इंडिया का भी आह्वान किया था, जिसमें लोगों से योग व्यायाम को जीवनशैली में अपनाने के लिए कहा था। आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में दुनियाभर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। स्वास्थ्य संबंधी चीजें खतरनाक न हो जाए, देश में महामारी न बन जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय, जिसमें काम और आराम में संतुलन हो। सरकार को इसी के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। आज के शहरी जीवन में तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ये मानसिक समस्याएं भी लाइफस्टाइल के चलते हो रही हैं। भारत में करीब 15 करोड़ लोग टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को सजग होना ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ल्ड क्लास का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य मद में जीडीपी का छह फीसदी से अधिक बजट आवंटन होना चाहिए। मोदी सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बड़ा निवेश करना चाहिए और उपचार के लिए हॉलिस्टिक एप्रोच अपनाना चाहिए। चिकित्सा के प्रिवेंटिव हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें



**विश्लेषण**
विकेश कुमार बडोला

दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने



1961 में जिस मानवीय सहायता के भावनावश यूएसएड आरंभ की थी, आज 63 वर्ष बाद यह सहायता बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका के लिए देशों के विरुद्ध षड्यंत्र करने-फैलाने और सहायता पाने वाले अधिसंख्य मुस्लिम देशों के लोगों के लिए जन्मसिद्ध अधिकार होने का पर्याय बन गई है। 63 वर्ष पूर्व सहायता पाने वाली जिस वैश्विक आबादी में सहायता की प्रतिक्रिया में धन्यवाद की भावना होती थी, अब उस आबादी की वर्तमान पीढ़ी धन्यभावना भूल चुकी है। वह हक की नजर से सहायता लेती है और सहायता के बदले देश-विदेश में कुछ भी कोई भी अराजक कांड करने का माध्यम बन जाती है।

यूएसएड को हक मानकर हड़पने वालों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इत्यादि देशों के आतंकवादी और अवैध काम करने वाले ही नहीं है, बल्कि इन देशों के शासकीय तंत्र के पक्ष और विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। इस प्रकरण में भारत अपवाद नहीं है। यहां भी यूएसएड के संदर्भ में उपरोक्त देशों जैसी इंसानी और तंत्रगत दुष्प्रवृत्तियां हावी रही हैं। अमेरिकी वित्तीय सहायता कार्यक्रम हेतु दुनियाभर के 60 देशों में यूएसएड एजेंसी के कार्यालय हैं। इस एजेंसी का वार्षिक बजट 40 अरब डालर है। भारत तीसरे स्थान पर है जिसे सबसे अधिक एड मिली है। यहां यह वित्तीय सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्रों हेतु दी जाती है। यह एड मानवों की भलाई के लिए दी जा रही है। किंतु भारत के संदर्भ में तो स्पष्ट दिखता है कि यहां क्रिश्चिन मिशनरीज के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा, भाषा, जीवनशैली, रहन-सहन और अन्यान्य गतिविधियों में भारत के लोगों को झोंके रखने के मकसद से ही यूएसएड वितरित होती रही है। गत दस वर्षीय भारतीय शासन ने अमेरिकी वित्तीय सहायता के चालचरित्र को पहचान कर उसके प्रतिरोध के लिए जो व जितने भी शासकीय उपाय किये हैं, उनके प्रभाव में ही ट्रंप व एलन मस्क के माध्यम से आज यह रहस्योद्घाटन हो रहा है कि ऐसी सहायता का दुरुपयोग तो भारत में आम चुनाव तक को प्रभावित करने के लिए किया जाता रहा है। दुनिया के शांत व समझदार लोग स्पष्ट देखते आये हैं कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स और भारत में कांग्रेस के शासनकाल में कितना राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पराभव घटित होता रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे शासन की शासकीय अयोग्यताओं द्वारा अमेरिका और भारत दोनों के ही पड़ोसी देशों में भी भयंकर अराजकता व अस्थिरता उत्पन्न होती रही है। अमेरिकी डेमोक्रेट्स की शासकीय अयोग्यता का दुष्परिणाम दूरी दुनिया ने म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में तख्तापलट के रूप में देखा ही है। यूक्रेन, रूस, इजरायल व फिलीस्तीन में युद्धगत विनाश के रूप में भी डेमोक्रेट्स का लालच स्पष्ट दृष्टिगोचर है। बांग्लादेश में तो भारत विरोधी राजनीतिक वातावरण निर्मित करने के लिए डेमोक्रेट्स ने यूएसएड की आड़ में 2.9 करोड़ डॉलर फूंके।

वास्तव में हिंदुत्व के विचार के साथ समृद्ध हो रहे भारत को अमेरिका की क्रिश्चियन गुप्त शक्तियां अस्थिर करना चाहती हैं। इस कोशिश में इस्लामिक ताकतें भी समानांतर रूप में हाथ-पैर मार रही हैं। भाजपा के नेतृत्व में आरूढ़ वर्तमान भारतीय शासन ऐसी ताकतों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा। अमेरिका में जब-जब डेमोक्रेट्स शासन सत्तारूढ़ हुआ, तब-तब उसके गुप्त शासकीय कार्यक्रमों में शत्रु देशों के विरुद्ध कूटनीतियां बना उन्हें क्रियान्वित करना सदैव प्राथमिकता में रहा। डेमोक्रेट्स के शासन में राजनेता बने कई व्यवसायियों का हथियार विनिर्माण का धंधा है। ऐसे धंधे के फलित होने के लिए दुनिया में युद्ध होते रहने चाहिए ताकि इनके द्वारा निर्मित हथियारों की खपत होती रहे और इनका लाभ बढ़ता रहे। भारत के विरुद्ध भी डेमोक्रेट्स की ऐसी ही योजना थी।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**विमर्श**
मनोज कुमार अग्रवाल



# कॉलेज कैम्पस के माहौल को सुधारने की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र-छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि हमारे कैम्पसों का माहौल टार्चर सेंटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल, विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हॉस्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी थी। आरोप है कि उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूनाभर हैं, आए दिन हमारे कॉलेज कैम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रही हैं। बता दें कि नेपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को हैवानियत का निशाना बनाकर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं



संकलित
**प्रेरणा**

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### मातृभाषा का महत्त्व

युनेस्को ने प्रतिवर्ष 21 फरवरी 1999 को मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना भी है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ही नहीं, बल्कि बहुभाषीय देश भी है। हमारे देश में जितनी बोलियां हैं उतनी शायद ही दुनिया के दूसरे देश में बोली जाती हैं। यह खूबी भी हमारे देश की अनेकता में एकता की इज्जत को चार चांद लगाती है। हमारे देश की बोलियों में भारत की सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देश के सभी राज्यों में चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, यहां पर कई बोलियां हैं। यहां जितनी भी बोलियां विभिन्न जिलों में बोली जाती हैं, वो एक-दूसरे लोगों को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। सभी बोलियों का विकास जरूरी है। *– शंकर चंद्राकर, भाटापारा*

## करंट अफेयर


# अफगानिस्तान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण होगा बहाल



अफगानिस्तान में तालिबान शासन द्वारा लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद एक अफगान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण फिर से शुरू होगा। तालिबान ने लाइसेंस का अनुचित उपयोग करने का हवाला देते हुए स्टेशन का संचालन रोक दिया था। 'रेडियो बेगम' की शुरुआत मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई थी। इसके पांच महीने बाद ही अमेरिका और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। स्टेशन पर प्रसारित की जाने वाली सामग्री अफगान महिलाओं द्वारा तैयार की जाती है। इसका सहयोगी उपग्रह चैनल 'बेगम टीवी' फ्रांस से संचालित होता है और सातवीं से 12वीं कक्षा तक के अफगान स्कूली पाठ्यक्रम को कवर करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करता है। तालिबान ने देश में महिलाओं और लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि 'रेडियो बेगम' ने परिचालन पुनः आरंभ करने की अनुमति के लिए 'कई बार अनुरोध' किया था।

## ऑफ बीट

# घुटने के गठिया में एक्स-रे से सर्जरी की संभावना ज्यादा



गठिया, जोड़ों में होने वाले बदलावों और जोड़ों द्वारा अपनी सामान्य स्थिति बरकरार रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने के कारण होता है। यह हड्डियों, कार्टिलेज, स्नायुबंधन और मांसपेशियों सहित पूरे जोड़ को प्रभावित करता है। घुटने के गठिया से पीड़ित कई लोगों को लगातार दर्द महसूस होता है और उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों जैसे चलने और सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई होती है। यद्यपि गठिया के लिए इस तरह की सर्जरी को अक्सर अपरिहार्य माना जाता है, लेकिन इस पर केवल उन लोगों के लिए विचार किया जाना चाहिए जिनके लक्षण गंभीर हैं और जिन्होंने पहले से ही दवाओं से उपचार की कोशिश की है। सर्जरी से रक्त का थक्का जमने या संक्रमण जैसी गंभीर प्रतिकूल घटनाओं का खतरा रहता है, तथा हर कोई पूरी तरह ठीक भी नहीं हो पाता। केवल एक्स-रे के आधार पर सर्जरी से जुड़े फैसले लेने पर भी कई सवाल खड़े होते हैं। यही कारण है कि घुटने के गठिया के उपचार संबंधी निर्णय लेने के लिए नियमित एक्स-रे की सिफारिश नहीं की जाती है।

## ट्रेंड

### इसरो की सराहना



क्रिकेट की भाषा में शतक एक लोकप्रिय शब्द है, लेकिन हमने आज की 'मन की बात' की शुरुआत खेल के मैदान पर नहीं बल्कि अंतरिक्ष में शतक के साथ की...अपने 100वें प्रक्षेपण पर इसरो की विशेष उपलब्धि की सराहना की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समाज को नई दिशा



कोई भी खिलाड़ी जब खेलता है तो वह अपने देश के लिए खेलता है, उसका समर्पण, उसका अनुशासन और उसकी टीम भावना द्वारा प्राप्त परिणाम समाज को एक नई दिशा देता है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### रेलवे को सक्षम बनाएं



क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है? मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### सफाईकर्मी को वेतन



महाकुंभ ख़त्म होने को आया लेकिन दो महीने से काम करने वाले सफ़ाईकर्मी को वेतन न मिलना बदइंतज़ामी का एक और सबूत है। सवाल ये है कि उत्तरप्रदेश भाजपा सरकार ने महाकुंभ से जो अरबों कमाये हैं वो कहाँ गये?
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सर्वसिद्धिप्रदः कुंभः
महाकुंभ 2025

# दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने स्नान कर जीवन धन्य किया, मां जानकी के 'मायके' वाले भी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या शनिवार को 62 करोड़ पार हो गई है। पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी भी संगम में पुण्य स्नान कर चुके हैं। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। इस तरह से पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी संगम में डुबकी लगा चुके हैं।भारत में सनातन धर्म को मानने वाले 55 प्रतिशत से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके हैं। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर साक्षी बन चुके हैं।

## महाकुंभ में पुण्य की महाडुबकी



वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे।

## डीडीयू जंक्शन पर भिड़े पैसेंजर, चले लात-घूंसे और थप्पड़

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेलवे स्टेशन से महाकुंभ में जाने के लिए यात्रियों की जमकर भीड़ उमड़ी। ट्रेनों में बैठने को लेकर लोग आपस में भिड़ जा रहे हैं और मारपीट तक करने लगे। यहां पर यात्रियों के बीच लड़ाई का एक वीडियो सामने आया है। ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों का दो समूह आपस में भिड़ गया।दोनों समूहों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद एक समूह के एक व्यक्ति ने दूसरे समूह के एक व्यक्ति को पीट दिया। हालांकि, जैसे ही दूसरे समूह के लोगों की नजर मारपीट करने पर पड़ी तो उन्होंने मिलकर पहले समूह के लोगों को पीट दिया।

### स्पेशल ट्रेन में चढ़ने की मशक्कत



**जाने वालों की उमड़ रही भारी भीड़**

डीडीयू रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। ट्रेनों में पैर तक रखने की जगह नहीं है, लेकिन डुबकी लगाने श्रद्धालु ट्रेनों में किसी तरह यात्रा कर रहे हैं।

## अब तक 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

### सीएम योगी ने सदी की दुर्लभतम घटना कहा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव'में योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कहूंगा।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से बड़ा बदलाव संभव: जयशंकर



काशी तमिल संगमम 3.0 में प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि देश आज प्रौद्योगिकी के स्रोत के रूप में अपनी वैश्विक स्थिति को फिर से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है, क्योंकि परंपरा प्रौद्योगिकी में मदद कर सकती है।

## खबर संक्षेप

### गुरु रंधावा घायल अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** मशहूर सिंगर गुरु रंधावा को अस्पताल में भर्ती कराया गया, सोशल मीडिया पर अस्पताल के बिस्तर से उन्होंने अपनी परेशान कर देने वाली तस्वीर पोस्ट कर यह खबर दी है। इससे फैंस की चिंता बढ़ गई है। रविवार को सिंगर ने अस्पताल से लेटेस्ट शॉकिंग फोटो शेयर करते हुए हेल्थ अपडेट दी है। उन्होंने भर्ती होने के पीछे की वजह भी बताई है।

### हापुड़ में मासूम का शव पड़ोस की छत पर मिला



**हापुड़।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में दो दिन पहले लापता एक बच्चे का शव पड़ोस की एक छत से बरामद हुआ है। अपहरण के बाद बच्चे की हत्या की आशंका जताई जा रही है। गढ़ के मोहल्ला सेगेवाला निवासी राजाराम का बेटा कृष्णा (8) शुक्रवार से लापता था।

### गोवा घूमने गए पर्यटक ने महिला को कुचला



**पणजी।** दिल्ली के एक पर्यटक को गोवा में गिरफ्तार किया गया है। उस पर पालतू डॉग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद एक महिला की कुचल कर हत्या करने का आरोप है। ये घटना मंड्रेम में हुई, जब एक स्थानीय महिला ने एक टूरिस्ट फैमिली से रिक्वेस्ट किया कि वे अपने डॉग को उनके घर के पास न लाएं।

### हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके लगे




**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, मंडी में धरती कांपी है। इस भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। कुछ दिन पहले दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के तेज झटके महसूस हुए थे, तब तो लोग डरकर घर से बाहर निकल गए थे।

### कैंटर-पिकअप में टक्कर से 3 लोगों की मौत



**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दस अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि देवबंद सहारनपुर निवासी राहुल सिंह अपने परिवार के 13 सदस्यों के साथ छोटे हाथी (पिकअप) वाहन से आगरा होते हुए प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित

# प्रेरणास्रोत महिलाएं एक दिन मेरे 'एक्स' इंस्टाग्राम के अकाउंट को करेंगी साझा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 119 वें एपिसोड देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने महिला दिवस को लेकर खास चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अगले महीने आने वाले महिला दिवस को लेकर एक खास ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। देवी माहात्म्य में कहा गया है - विद्या : समस्ताः तव देवि भेदाः स्त्रीयः समस्ताः सकला जगत्सु। अर्थात सभी विद्याएं, देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। इस दौरान संविधान सभा में हंसा मेहता के संबोधन को भी पीएम मोदी ने देश के साथ साझा किया। पीएम मोदी ने कहा कि साथियो, इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे एक्स और इंस्टाग्राम के अकाउंट उनको देश की कुछ प्रेरणास्रोत महिलाओं को, एक दिन के लिए सौंपूंगा।

**महिला दिवस पर किया बड़ी पहल का ऐलान**

हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि

### अपने मासिक कार्यक्रम के 119 वें एपिसोड में बोले




### भारत ने स्पेस में शानदार सेंचुरी बनाई

पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में सबसे पहले क्रिकेट की बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। लेकिन मैं, आप सबसे क्रिकेट नहीं, बल्कि भारत ने स्पेस में जो शानदार सेंचुरी बनाई है उसकी बात करने वालां हूं। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग के साक्षी बने हैं। स्पेस विज्ञान में नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है।

### अंतरिक्ष यात्रा में वैज्ञानिकों ने हासिल की अभूतपूर्व सफलता



मोदी ने कहा कि हमारी स्पेस यात्रा की शुरुआत सामान्य हुई थी। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष की उड़ान में सफलताओं के झंडे गाड़ दिए। लॉन्च व्हीकल का निर्माण हो, चंद्रयान मंगलयान हो, आदित्य एल-1 या एक रॉकेट से 104 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने का मिशन हो हमने रिकॉर्ड बनाए।

### 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रहें

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में हम 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों का, युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है, जिसे आप 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रह सकते हैं, यानि, आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में, एक वैज्ञानिक के रूप में, बिताकर देखें।

'एग्जाम वॉरियर्स' को दी शुभकामनाएं



### सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स का नाम दिया। अपील की कि ये वॉरियर्स अपना आत्मविश्वास बनाए रखें और अपनी मेहनत पर विश्वास करें।पीएम मोदी ने कहा कि आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बोर्ड एग्जाम का समय है। मैं अपने युवा-साथियों यानि एग्जाम वॉरियर्स को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए।

## जीआईएस में प्रदेश के कई क्षेत्रों का 'जायका' महकेगा

# मेहमानों को परोसे जाएंगे मप्र के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में पहली बार होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में आने वाले मेहमानों के लिए मप्र टूरिज्म बोर्ड ने एक अनोखा मैन्यू तैयार किया है, जिससे विदेशी और भारतीय मेहमानों को मप्र के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन परोसे जा सकें।

जिसमें मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और बघेलखंड की पारंपरिक और लोकप्रिय डिशेस शामिल होंगी। सैकड़ों पारंपरिक व्यंजनों के साथ ही करीब 50 तरह के विशेष व्यंजन भी परोसे जाएंगे। व्यंजनों में इंडियन, कॉन्टिनेंटल और चाइनीज जैसे इंटरनेशनल फूड भी रहेंगे। मेन्यू को विदेशी मेहमानों की पसंद के हिसाब से तैयार किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का जायका भी महकेगा। इंदौर के सर्राफा चौपाटी की रबड़ी, मालपुए, गराडू और पेटिस का स्वाद भी मिलेगा। इसके अलावा इस आयोजन में सैलाना के रायल हाउस की मोती के दाने की डिश व भोपाल के रायल किचन ऑफ नवाब का पनीर कोरमा भी परोसा जाएगा। समिट में एक विशेष फूड जोन भी तैयार किया गया है। इसमें इंदौर की सर्राफा चौपाटी की तर्ज पर 'मिनी सर्राफा' तैयार किया जाएगा।


समिट में एक विशेष फूड जोन भी रहेगा इसमें इंदौरी तर्ज पर 'मिनी सर्राफा' भी होगा



### मेहमानों को परोसे जाएंगे यह खास व्यंजन

बुंदेलखंड के दाल-बाफले, रायल किचन आफ नवाब, भोपाल का पनीर कोरमा, इंदौर का सब्ज पुलाव, बफुरी (क्रिस्पी फ्राइड केक), घुइया (अरबी) की सब्जी, नर्मदापुरम की मावा बाटी, मुरैना की गजक, रायल हाउस ऑफ सैलाना के मोती के दाने, रबड़ी, मालपुआ, गुलाब जामुन, घेवर, फालूदा, कुल्फी, जामुन शॉट्स, मॉकटेल, कोल्ड कॉफी, गराडू व कोकोनट क्रश, मसाला डोसा और डोसे की अन्य वैरायटी, भुट्टे का किस, दही बड़ा, गराडू की चाट, सराफा की खोपरा पेटिस।

## शिकारे की सवारी का आनंद



श्रीनगर। श्रीनगर में रविवार को धूप वाले सर्दियों के दिन में हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद डल झील पर शिकारे की सवारी का आनंद लेते पर्यटक।

मखाना खेती की तकनीक, किसानों की परेशानी समझी...

# फिर वैज्ञानिकों को बिना कांटे वाले मखाने का बीज डेवलप करने कहा, शिवराज उतरे पोखर में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को बिहार के दरभंगा में तालाब में उतरकर मखाना उत्पादक किसानों से सीधी चर्चा की। उन्होंने मखाने की खेती की पूरी प्रक्रिया समझी और मखाना उत्पादन में आने वाली कठिनाइयों को जानने के साथ ही किसानों से सुझाव भी लिए। सिंह ने कहा कि मखाना की खेती कठिन है और तालाब में दिनभर रहकर खेती करनी होती है। केंद्र ने इस वर्ष बजट में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की है और इस बोर्ड के गठन के पहले वे किसानों से सुझाव लेकर चर्चा कर रहे हैं, ताकि किसानों की वास्तविक समस्याएं समझी जा सकें। चौहान ने कहा कि हम केवल विभाग नहीं चलाते हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के नेतृत्व में गहराई तक जाकर, कैसे हम किसानों की तकलीफ दूर करें, इसकी कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि किसान की आमदनी बढ़े। 57 फीसदी लोग आज भी खेती पर निर्भर हैं और खेती भी एक चीज की नहीं है, कहीं केला है तो कहीं लीची है, कहीं मकई है तो कहीं गेहूं है कहीं धान है, इस धरती पर तो मखाना है। अगर किसानों का कल्याण करना है तो हमें हर एक फसल को ठीक से देखना पड़ेगा।

सिंह बोले, मन में भाव आया कि शिवराज तू तो सेवक है, एक बार पोखर, तालाब में उतर जा, और मखाने की बेल को लगा, तब तो पता चलेगा कि मखाने की खेती कैसे होती है? जब बेल हाथ में ली तो पता चला कि उसके ऊपर भी कांटे और नीचे भी कांटे थे। हम तो केवल मखाने खाते हैं, लेकिन कभी कांटे नहीं देखे। सिंह ने किसानों से कहा कि सही अर्थों में आपसे समझकर कि मखाना बोर्ड बने तो कैसे बने, इसलिए मेरा अधिकारियों को भी निर्देश हैं। अनुसंधान केंद्र के लोग इस पर काम करे कि कांटा रहित मखाने का बीज कैसे विकसित किया जा सकता है?

### प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे किसान सम्मान समारोह

शिवराज सिंह ने कहा कि कल बिहार के सौभाग्य के सूर्य का उदय होगा, जब प्रधानमंत्री यहाँ पधारेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के कार्यक्रम की तैयारी देखने शिवराज पहले ही बिहार आ गए। उन्होंने कहा, कार्यक्रम केवल बिहार में नहीं है, कार्यक्रम देशभर के किसानों के लिए है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खाते में 22 हजार करोड रुपए से ज्यादा की किसान सम्मान निधि की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से डालेंगे।

## श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग के अंदर फंसी 8 जिंदगियां

टनल के अंदर खौफनाक मंजर

# सेना-नौसेना भी बचाव में जुटीं, जल्द आएंगे बाहर!

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जहां आठ जिंदगियां फंसी हुई है। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने रविवार को कहा कि एसएलबीसी परियोजना में सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद पिछले 30 घंटों से फंसे 8लोगों को बचाने का प्रयास जारी है। राज्य सरकार भारतीय सेना, नौसेना, एनडीआरएफ और अन्य सुरंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रही है।रेड्डी ने उम्मीद जताई है कि फंसे हुए लोगों को जल्द बचा लिया जाएगा। वे परियोजना स्थल पर डेरा डाले हुए हैं।

### राज्यपाल ने ली जानकारी, शासन-प्रशासन भी कर रहे मशक्कत



### 9 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाना बाकी

रेड्डी ने कहा कि लगभग 30 साल पहले सुरंग बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि 44 किमी लंबी सुरंग में से लगभग 9 किमीकी सुरंग बची है, जिस पर काम किया जाना बाकी है। रेड्डी ने कहा कि कल से लापता आठ लोगों के सुरक्षित होने के लिए हम उम्मीद और प्रार्थना कर रहे हैं।

**तब 70 लोग काम पर थे**

मंत्री रेड्डी ने कहा कि मैं मैं हर मिनट निगरानी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब सुरंग ढही, तब लगभग 70 लोग सुरंग में काम कर रहे थे। उनमें से अधिकांश बचकर अपनी आंतरिक ट्रेन या लोकोमोटिव से वापस आ गए।

### राज्यपाल ने गहन प्रयास के निर्देश दिए

तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने बचाव अभियान के बारे में जानकारी लेने नागरकुरनूल के कलेक्टर बी संतोष से फोन पर बात की। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल , राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना, विशेषज्ञों के साथ बचाव अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को सुरंग में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अपने गहन प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया।

## धन्यवाद यात्रा से पहले हादसा

# बिहार में अब 100 साल पुराना पुल गिरा, लाखों लोग प्रभावित

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र में एक 100 साल पुराना पुल ताश के पत्तों की तरह बिखर गया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यह हादसा गरहां-हथौड़ी-अमनौर-औराई सड़क मार्ग पर अमनौर खाखर टोला के पास हुआ। हादसे के महज कुछ मिनट पहले ही एक बस पुल से गुजर चुकी थी, जिसे कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। इससे औराई प्रखंड की अतरार अमनौर, महेश्वाड़ा और कटरा प्रखंड की बेरई दक्षिणी



पंचायत सहित करीब डेढ़ लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है। लोगों को शहर जाने के लिए सात किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी होगी, जिसमें अधिकतर रास्ता पैदल पार करना पड़ेगा। लोगों ने आरोप लगाया कि करीब डेढ़ साल पहले इस सड़क की मरम्मत कराई गई थी।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने खुदरा ऋण पर ब्याज दर घटाई




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने अपने आवास और कर ऋण सहित अपने खुदरा कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में कटौती के बाद बीओएम ने यह कदम उठाया है। आरबीआई ने पांच साल के अंतराल के बाद गत सात फरवरी को रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत किया था।

### त्योहारी मांग से तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** आगामी होली त्योहार के मद्देनजर मांग बढ़ने और विदेशी तेलों के महंगा होने से आयात में गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में आयातित पाम-पामोलीन के दाम में वृद्धि हुई है जिससे पाम-पामोलीन का आयात कम हुआ है। जनवरी में खाद्य तेलों का आयात 10 लाख सात हजार टन का हुआ था, जिसके फरवरी में घटकर 9.5 लाख टन रहने की संभावना है।

# क्रिप्टो की दुनिया में बड़ी चोरी, हैकर्स ने उड़ाए 13,000 करोड़ रुपए के इथेरियम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

क्रिप्टो की दुनिया में एक बहुत बड़ी चोरी हुई है। क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बायबिट से 1.5 अरब डॉलर (करीब 13 हजार करोड़ रुपए) की डिजिटल करेंसी गायब हो गई है। यह इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरियों में से एक है। इससे पहले भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स से भी दो हजार करोड़ रुपए की चोरी हुई थी।

कंपनी के सीईओ बेन झोउ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इस चोरी के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि एक हैकर ने बायबिट के एक ऑफलाइन इथेरियम वॉलेट पर कब्जा कर लिया। इसके बाद कई ट्रांजेक्शन करके पैसों की चोरी की गई। बिटकॉइन के बाद इथेरियम दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी है।

बेन झोउ ने यह भी बताया कि बायबिट के हॉट वॉलेट, वार्म वॉलेट और बाकी सभी ऑफलाइन वॉलेट सुरक्षित हैं। पैसे निकालने का काम भी सामान्य रूप से चल रहा है। बायबिट एक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज है जिसके दुनिया भर में 60 मिलियन (6 करोड़) से ज्यादा यूजर्स हैं।

इस चोरी के बाद बायबिट के यूजर्स घबरा गए। उन्हें लगा कि कहीं कंपनी दिवालिया तो नहीं हो जाएगी। इसलिए लोगों ने जल्दी-जल्दी अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया। हालांकि, झोउ ने कहा, 'बायबिट दिवालिया नहीं होगा। चाहे यह पैसा वापस मिले या नहीं। कस्टमर का पैसा सुरक्षित है। हम इस नुकसान की भरपाई कर सकते हैं।'

## बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की डिजिटल करेंसी की चोरी हुई

### भारतीय एक्सचेंज पर भी हुआ था अटैक

पिछले साल जुलाई में भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स पर सबसे बड़ा साइबर हमला हुआ था। इसमें 235 मिलियन डॉलर (करीब दो हजार करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ था। इस हमले का भी पता उत्तर कोरियाई हैकर्स पर लगा था। उस समय वजीरएक्स के को-फाउंडर निश्चल शेट्टी ने कहा था, 'हमें यकीन है कि यह (उत्तर कोरिया का) लाजरस ग्रुप हो सकता है।'




### उत्तर कोरिया के हैकर्स पर शक

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इल्पिटिक के विश्लेषकों ने इस हमले को उत्तर कोरिया के लाजरस ग्रुप से जोड़ा है। यह एक सरकारी हैकिंग ग्रुप है जो क्रिप्टोकरेंसी इंडस्ट्री से अरबों डॉलर चुराने के लिए बदनाम है।

## विशेषज्ञों ने कहा, सोने का प्रदर्शन इक्विटी व बांड से बेहतर

# सोने ने इस साल अब तक दिया 11% का रिटर्न, नए निवेश पर सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोने के भाव में इस साल अबतक आई 11 प्रतिशत से अधिक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि मूल्यवान धातु में इस स्तर पर नये निवेश को लेकर सतर्क और संतुलित रुख अपनाने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने का प्रदर्शन इक्विटी और बांड दोनों से बेहतर रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ, यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, निवेश राशि का आवंटन निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता, उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बाद सोने में इस वर्ष भी बढ़त जारी है। इस साल सोने का दाम कुल 11.20 प्रतिशत चढ़ा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज सर्विसेज लि. के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''इस साल की शुरुआत से ही सोने की कीमतों में तेजी देखी गई है। हालांकि, कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए, इस स्तर पर सोने में नया निवेश करते समय कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है।''

## वैश्विक अनिश्चितता का दौर आगे भी जारी रहने की संभावना



### सोना एक सुरक्षित निवेश

मोदी ने कहा, ''निवेशकों को हमेशा एक विविध पोर्टफोलियो यानी निवेश के विभिन्न उत्पादों में पैसा रखने की सलाह दी जाती है। सोना एक सुरक्षित परिसंपत्ति है और अपेक्षाकृत कम अस्थिर वस्तु है, जिससे निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो को संतुलित रखने में मदद मिलती है।''

### सोने ने पहले 50 दिन में 11.2 फीसदी का रिटर्न दिया

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, एमसीएक्स वायदा में सोना इस साल के पहले 50 दिन में ही 11.2 प्रतिशत की अच्छी बढ़त के साथ 77,500 रुपये से बढ़कर 86,200 हो गया हैं। पिछले साल, सोने में लगभग 27 प्रतिशत का उछाल आया था। इसका मतलब है कि जनवरी, 2024 से अब तक इसमें 38 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

### सरकारी स्वर्ण बांड बेहतर

कलंत्री ने कहा, 'सोने में निवेश विकल्प आपके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम लेने की क्षमता, नकदी की जरूरतों और निवेश अवधि पर निर्भर करता है। यदि आप कर लाभ और ब्याज आय चाहते हैं, सरकारी स्वर्ण बांड अच्छा है।

### प्रत्येक विकल्प के अपने फायदे

यह पूछे जाने पर कि सोने में निवेश के लिए भौतिक रूप से सोना खरीदना, स्वर्ण बॉन्ड, ईटीएफ या सोने में निवेश से जुड़े म्यूचुअल फंड में से क्या बेहतर है, मेहता इक्विटीज के कलंत्री ने कहा, ''प्रत्येक विकल्प के अपने फायदे और नुकसान हैं।

### सोना हमेशा ही रिटर्न देता रहा

कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक कोलिन शाह ने कहा, ''सोना ऐसी संपत्ति श्रेणी में है जो हमेशा ही रिटर्न देता रहा है। चाहे महंगाई हो या आर्थिक अनिश्चितता, सोने ने निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए एक मजबूत ढाल प्रदान किया है। इसलिए, इस वर्ष के केवल दो महीनों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ, सोना निश्चित रूप से वर्तमान समय में निवेश और रिटर्न के मामले में एक बहुत ही पसंदीदा और उपयुक्त विकल्प है।'

### निवेशकों को निवेश में संतुलन बनाना होगा

यह पूछे जाने पर कि शेयर और बांड तथा अन्य निवेश उत्पादों की तुलना में सोना बेहतर निवेश विकल्प है या निवेशकों को संतुलन बनाना चाहिए, कलंत्री ने कहा, ''हाल के वर्षों में, सोने ने इक्विटी और बांड दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं और कमजोर रुपये के साथ, यह रुख जारी रहने की संभावना है।

# शुल्क के मोर्चे पर खबरों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी।'

इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी।

### शुल्क की चिंताएं बाजार पर हावी

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 133.35 अंक या 0.58 प्रतिशत का नुकसान रहा। कोटक सिक्योरिटीज के प्रमुख (इक्विटी शोध) श्रीकांत चौहान ने कहा, ''जवाबी शुल्क की चिंताएं वैश्विक और भारतीय बाजार पर हावी हैं।'' उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में शुल्क के मोर्चे पर खबरें बाजार को प्रभावित करेंगी।

**चिकित्सा**

बिना बताए
शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मुथूट फाइनेंस ने सुनहरी सोच सीजन 3 के साथ वित्तीय सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दो बेहद सफल सीजन के बाद, भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी मुथूट फाइनेंस सुनहरी सोच सीजन 3 के साथ वापस आ गई है, जो गोल्ड लोन से जुड़ी मिथकों को तोड़ने और लाखों लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक शक्तिशाली आंदोलन है। कथावाचक के रूप में दिग्गज माधुरी दीक्षित के साथ, यह सीजन मुथूट फाइनेंस के ग्राहकों की असाधारण वास्तविक जीवन की सफलता की कहानियां बताता है, जिन्होंने अपने सोने को अवसर और वित्तीय स्वतंत्रता के इंजन में बदल दिया। 24 फरवरी 2025 से रेडियो सिटी 91.1 एफएम और मिर्ची 98.3 एफएम पर लाइव होने वाला यह अभियान वास्तविक जीवन के ग्राहकों की प्रेरणादायक गवाही को जीवंत करेगा, जिससे यह संदेश पुष्ट होगा कि गोल्ड लोन केवल उधार लेने के बारे में नहीं है, बल्कि गरिमा और गर्व के साथ सपनों को सशक्त बनाने के बारे में है।क्षेत्रीय विस्तार के साथ राष्ट्रव्यापी प्रभावअभियान को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, सुनहरी सोच सीजन 3 को 64 रेडियो स्टेशनों पर प्रचारित किया जाएगाए जिसे 100 से अधिक शीर्ष आरजे द्वारा प्रवर्तित किया जाएगा। अपनी क्षेत्रीय पहुंच का विस्तार करने के लिए, अभियान में आरजे रौनक, सुदेश भोसले, मनोज जोशी और जीशु सेनगुप्ता जैसी प्रभावशाली आवाजें शामिल होंगी, जो हिंदी, गुजराती, मराठी और बंगाली में चुनिंदा कहानियां सुनाएंगे। मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि इन वास्तविक जीवन के ग्राहकों की गवाही के वीडियो मुथूट समूह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए जाएंगे। सोना सिर्फ एक संपत्ति नहीं है, यह अवसरों का एक वित्तीय प्रवेश द्वार है।




# एंजल कोष में निवेशकों का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रहा सेबी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

**बाजार** नियामक सेबी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की परिभाषा का विस्तार करने और 200 निवेशकों की सीमा को हटाने पर विचार कर रहा है, जिससे एंजल कोष को मान्यता प्राप्त निवेशकों के व्यापक समूह तक पहुंच मिल सके। इस कदम से अधिक धनी निवेशक भाग ले सकेंगे, जिससे स्टार्टअप के लिए वित्तपोषण बढ़ेगी। यह सुनिश्चित करता है कि केवल वित्तीय रूप से मजबूत निवेशक ही उच्च जोखिम वाले निवेश करें, जिससे एंजेल कोष को अधिक पूंजी जुटाने और शुरुआती चरण की कंपनियों का समर्थन करने में मदद मिलती है। एन्जेल कोष एक प्रकार का उद्यम पूंजी कोष है, जो स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए निवेशकों से धन जुटाता है। हालांकि, निवेशकों की जोखिम क्षमता के अपर्याप्त सत्यापन, मजबूत वित्तीय समर्थन के बिना बड़ी संख्या में निवेशकों को शामिल करने, तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निजी नियोजन विनियमों के साथ संभावित टकराव के बारे में चिंताएं व्यक्त की गई हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पहले प्रस्ताव दिया था कि केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों (एआई) को ही एंजल कोष में निवेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## क्यूआईबी में 200 निवेशकों की सीमा




### संशोधन पर प्रतिक्रिया मांग रहा सेबी

अब, नियामक मान्यता प्राप्त निवेशकों को शामिल करने के लिए क्यूआईबी की परिभाषा में संशोधन करने पर प्रतिक्रिया मांग रहा है, विशेष रूप से निवेश के अवसर प्रदान करने और एंजल फंड के माध्यम से निवेश आवंटित करने के लिए। इसके अलावा, सेबी ने एंजल कोष के लिए 200 निवेशकों की सीमा को हटाने का प्रस्ताव दिया है।

# ताइवान की डेल्टा भारत में कर रही 50 करोड़ डॉलर का निवेश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ताइवान स्थित डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 50 करोड़ डॉलर का निवेश कर रही है। इसकी घोषणा 2015 में की गई थी। यह निवेश कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने किया है। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में एक सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में घरेलू बाजार में प्रवेश करने के बाद से अपनी भारतीय शाखा के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में भारतीय बाजार में प्रवेश के बाद से अपनी भारतीय इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। लिन ने कहा, "भारत डेल्टा के लिए एक प्रमुख बाजार है और हम अपने उन्नत समाधानों के साथ इसके औद्योगिक और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5788




**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5787 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | म्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |



# चैम्पियंस ट्रॉफी

## भारत ने पाक को 6 विकेट से दी मात

# विराट कोहली ने बल्ले से लिख दी पाकिस्तान पर जीत की दास्तान

## विराट का 51वां वनडे शतक, श्रेयस ने शानदार अर्धशतक जमान

## पाक ट्रॉफी से हो सकता है बाहर

भाषा ▶▶| दुबई

आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर कहर साबित होने वाले विराट कोहली ने एक बार फिर इतिहास को दोहराते हुए नाबाद शतक के साथ रविवार को इस बहुचर्चित मुकाबले में भारत को छह विकेट से जीत दिलाकर चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की जीत तो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई थी लेकिन कशमकश यह थी कि कोहली का शतक बनेगा या नहीं। और फिर आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक ने न सिर्फ चौके के साथ 51वां वनडे शतक पूरा किया बल्कि फॉर्म में लौटकर विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी । जीत के लिए 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 42वें ओवर के बाद चार रन की जरूरत थी। खुशदिल शाह के ओवर में विराट ने पहली गेंद पर एक रन लिया और फिर अक्षर पटेल ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। अब भारत को जीत के लिये दो रन और विराट को शतक के लिए चार रन चाहिए थे। तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ने के साथ कोहली के चेहरे पर इत्मीनान की मुस्कान आई लगातार एक तरह से आउट होने, स्पिन के खिलाफ असहज होने और बड़ी पारी नहीं खेल पाने की कई चुनौतियों से उबरते हुए कोहली ने पुराने फॉर्म के दीदार कराये। इस जीत के साथ भारत ग्रुप ए में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया। कोहली ने सही समय पर और सही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फॉर्म में वापसी करते हुए 111 गेंद में सात चौकों की मदद से नाबाद सौ रन बनाये । वहीं श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाकर भारत को 42.3 ओवर में जीत तक पहुंचाया। दूसरी ओर 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा पाकिस्तान लगभग बाहर हो गया है। एक बार फिर उसके लिये परेशानी का सबब रहे कोहली।



## कोहली के सबसे तेज 14000 रन पूरे

कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज भी बन गए । पाकिस्तान के प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ एक बार फिर कोहली के सामने बेबस दिखे। कोहली ने लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी बखूबी खेला और कोई जोखिम नहीं लिया । कोहली और अय्यर ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 114 रन जोड़े। श्रेयस को खुशदिल ने पवेलियन भेजा जिनका बेहतरीन कैच इमामुल हक ने लपका। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और पाकिस्तान की मैच में वापसी संभव नहीं थी। वैसे इस जीत का श्रेय भारतीय गेंदबाजों को भी जाता है जिन्होंने पाकिस्तान को 241 रन पर रोक दिया।

### भारत

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा बो शाहीन शाह अफरीदी | 20 |
| शुभमन गिल बो अबरार अहमद | 46 |
| विराट कोहली नाबाद | 100 |
| श्रेयस अय्यर का इमामुल बो खुशदिल | 56 |
| हार्दिक का रिजवान बो अफरीदी | 8 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 3 |

अतिरिक्त : 11 रन
योग : 42 . 3 ओवर में चार विकेट पर 244 रन
विकेट पतन : 1 . 31, 2 . 100, 3 . 214, 4 . 223
गेंदबाजी : अफरीदी 8 . 0 74 . 2, नसीम 8 . 0 37 . 0, हारिस 7 . 0 . 52 . 0, अबरार 10 . 0 . 28 . 1, खुशदिल 7.3 . 0 . 43 . 1, सलमान 2 . 0 . 10 . 0

### पाकिस्तान

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इमामुल हक रन आउट | 10 |
| बाबर आजम का राहुल बो पंड्या | 23 |
| सऊद शकील का पटेल बो पंड्या | 62 |
| मोहम्मद रिजवान बो पटेल | 46 |
| सलमान का जडेजा बो कुलदीप | 19 |
| तैयब ताहिर बो जडेजा | 4 |
| खुशदिल शाह का कोहली बो राणा | 38 |
| अफरीदी पगबाधा बो कुलदीप | 0 |
| नसीम शाह का कोहली बो कुलदीप | 14 |
| हारिस रऊफ रन आउट | 8 |
| अबरार अहमद नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : 17 रन
योग : 49.4 ओवर में 241 रन
**विकेट पतन** : 1-41 , 2-47 , 3-151 , 4-159 , 5-165 , 6-200 ,7-200 ,8- 222 , 9-241
**गेंदबाजी** : शमी 8 . 0 . 43 . 0, राणा 7.4 . 0 . 30 . 1, पंड्या 8 . 0 . 31 . 2, अक्षर 10 . 0 . 49 . 1 कुलदीप 9 . 0 . 40 . 3, जडेजा 7 . 0 . 40 . 1



### फैंस हुए रोमांचित







## खबर संक्षेप




### न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

**रावलपिंडी।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में सोमवार को यहां हार से शुरुआत करने वाले बांग्लादेश के खिलाफ अपना विजय अभियान जारी रखकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। न्यूजीलैंड की टीम ने अपने पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान को 60 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। इस बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट भी अच्छा हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत से वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच जाएगा।

### जीत दर्ज करने उतरेगा आरसीबी


**बेंगलुरु।** कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म, मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन तथा घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु



सोमवार को यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ बेहतर खेल दिखाकर महिला प्रीमियर लीग में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। भारतीय उप कप्तान मंधाना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने भारत और अपनी फ्रेंचाइजी टीम के लिए जो पिछले 10 मैच खेले हैं उनमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं।

### मैंने प्रशंसकों का दिल फिर से जीत लिया

**दुबई।** भारत के हरफनमौला हार्दिक पंड्या को लगता है कि पिछले साल वेस्टइंडीज में आईसीसी टी20 विश्व कप में



खिताबी जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद उन्होंने अपने प्रशंसकों का दिल फिर से जीत लिया है। पंड्या को पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया था। वह गुजरात टाइटंस को छोड़कर वापस मुंबई की टीम से जुड़े थे। इसके बाद मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों ने लगातार उनको निशाने पर रखा था। पंड्या ने टी20 विश्व कप में 144 रन बनाने के साथ 11 विकेट भी लिए।

# 13 वर्षीय रौश चेस में उभरता सितारा अब तक जीते 10 अंतरराष्ट्रीय पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है दिल्ली के रोहिणी निवासी 13 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी रौश जैन की। महज तीन साल की उम्र में जब उनकी माता शिल्पा जैन ने उनके शतरंज के प्रति झुकाव को पहचाना तो उन्होंने रोश को 'ब्रेन गेम शतरंज अकादमी' में चंदन मंडल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिलाना शुरू कर दिया।

आज रौश ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रोश 8वीं कक्षा का छात्र है। पढ़ाई के साथ साथ वह अभ्यास में 6 से 7 घंटे देते है। उनकी मेहनत और लगन से उनके आस पड़ोस के लोग भी काफी प्रभावित है।

वर्तमान में यह खिलाड़ी शतरंज कोच सावित्री जोशी और करुण दुग्गल के नेतृत्व में अपने खेल को आगे बढ़ा रहा है।।




### विश्व चैंपियन बनने का लक्ष्य

रौश जैन का सपना विश्व शतरंज चैंपियन बनने का है। वे मैग्नस कार्लसन और गुकेश डी से प्रेरित हैं और उनका अगला लक्ष्य 'इंटरनेशनल मास्टर' खिताब हासिल करना है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और निरंतर मेहनत से यह तय है कि आने वाले वर्षों में वे भारतीय शतरंज में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### जैन की उपलब्धियां

राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-15) 13 वर्ष की उम्र में पेड्डापुरम, आंध्र प्रदेश में खिताब जीता (जनवरी 2025), एसजीएफआई दिल्ली राज्य चैंपियन (अंडर-17) 68वें एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल खेलों में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक जीते (नवंबर 2024), राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-7) 2018 में भुवनेश्वर में खिताब अपने नाम किया। कामनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप 2018 (अंडर-8) में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन यूथ एंड जूनियर चेस चैंपियनशिप 2019 (अंडर-8) ब्लिट्ज में स्वर्ण, रैपिड और क्लासिकल में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन आनलाइन यूथ शतरंज चैंपियनशिप 2021 (अंडर-10) में स्वर्ण पदक। एशियाई राष्ट्र कप आनलाइन टीम शतरंज चैंपियनशिप 2022 में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) द्वारा 'फिडे मास्टर' (एफएम) की उपाधि (2022) हासिल की है। इनके अलावा कई ऐसे भी टूर्नामेंट में जीत प्राप्त की है जो लोकल स्तर पर खेले जा रहे है।

## चैपल ने अपने पत्रकारिता करियर को अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने रविवार को अपना आखिरी कॉलम लिखकर अपने पांच दशक से अधिक समय तक चले पत्रकारिता करियर को अलविदा कह दिया। इस 81 वर्षीय क्रिकेटर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के लिए अपने आखिरी कॉलम में उन कुछ बेहतरीन पलों को याद किया जिन पर उन्होंने अपनी कलम चलाई। इनमें 1998 के चेन्नई टेस्ट में सचिन तेंदुलकर और स्पिन के जादूगर दिवंगत शेन वार्न के बीच शानदार मुकाबला और कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की ऐतिहासिक पारी भी शामिल है। चैपल ने लिखा, ''लिखते हुए आनंद के कई पल आए, विशेष रूप से सचिन तेंदुलकर का चेन्नई में शेन वार्न से मुकाबला करना। अन्य मुख्य आकर्षणों में ब्रायन लारा की प्रतिभा, रिकी पोंटिंग की आक्रामकता और कोलकाता में वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की कलात्मक पारी के बारे में लिखना शामिल है।' चैपल ने हालांकि महसूस किया कि अब कलम को नीचे रखने और कंप्यूटर को पैक करने का सही समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता से संन्यास लेना उतना ही भावनात्मक है जितना कि क्रिकेट को अलविदा कहना।



## नई दिल्ली मैराथन : मान सिंह और भागीरथी बिष्ट बने चैंपियन




**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मान सिंह और भागीरथी बिष्ट ने रविवार को यहां 'अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन' दौड़ में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एशियाई मैराथन चैंपियनशिप (2024) के विजेता 35 साल के मान सिंह ने पुरुषों की एलीट श्रेणी के कड़े मुकाबले को दो घंटे 15 मिनट और 24 सेकंड का प्रभावशाली समय के साथ अपने नाम किया। उत्तराखंड की ही भागीरथी ने दो घंटे 48 मिनट और 59 सेकंड के समय के साथ एलीट महिलाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। ठाकोर भरतजी (2:49:16) और अश्विनी जाधव (2:50:48) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। मैराथन दौड़ में धावकों को 42.195 किमी की दूरी तय करनी होती है। राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। आयोजकों ने दावा किया कि इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 25,000 से अधिक धावक और फिटनेस उत्साही शामिल हुए।

## भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप में जीते 5 स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

थाईलैंड में शनिवार को आयोजित एशिया कप 2025 तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारतीय तीरंदाजों ने अपना परचम लहराया। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक अपने नाम किया। भारत का नाम रोशन करने वाले इन तीरंदाजों में दो झारखंड राज्य के जमशेदपुर जिले के रहने वाले हैं। जिनमें टाटा आर्चरी एकेडमी के गोल्डी मिश्रा और कर्ण आर्चरी एकेडमी के विष्णु चौधरी शामिल हैं। विष्णु ने टूर्नामेंट में कुल तीन तो वहीं गोल्डी ने एक मेडल जीता है। वहीं, बंगाल की रहने वाली बसंती महतो ने ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।



गोल्डी मिश्रा, राहुल राहुल और विष्णु चौधरी की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर शानदार जीत के बाद स्वर्ण पदक जीता। इतना ही नहीं विष्णु चौधरी ने रिकर्व पुरुष स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में राहुल को 6-2 के स्कोर से हराया। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले की बसंती महतो ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे की फोंग यू झू को 6-4 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## कोहली और रोहित खुद तय करें अपना भविष्य

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। सरफराज ने कहा, 'लोगों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात भी नहीं करनी चाहिए।'

टेनिस

## कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बने आंद्रे रुबलेव



एजेंसी ▶▶| दोहा

आंद्रे रुबलेव ने अपनी मानसिक दृढ़ता का अच्छा नमूना पेश करते हुए जैक ड्रेपर को तीन सेट तक चले फाइनल मुकाबले में 7-5, 5-7, 6-1 से हराकर दूसरी बार कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

रुबलेव ने तीन दिन में तीसरी बार तीन सेट में जीत हासिल की। रूस के इस खिलाड़ी ने इससे पहले अपने पिछले दो मैचों में एलेक्स डी मिनौर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ भी दूसरा सेट गंवा दिया था। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, 'मैं मानसिक रूप से वास्तव में मजबूत बना रहा और मैंने निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।' रुबलेव ने इससे पहले 2020 में कतर ओपन का खिताब जीता था। यह पहला टूर्नामेंट है जिसमें वह दूसरी बार चैंपियन बने हैं।

### प्रो लीग में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला आज

# जीत के क्रम को दोहराने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

टूर्नामेंट में औसत शुरुआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4-1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नए सत्र में आशातीत शुरुआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3-1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2-0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4-1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढ़ा होगा।



### महिला टीम के सामने आज नीदरलैंड की कड़ी चुनौती

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में जब मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश खेल में आयी गिरावट से निपटने के साथ जीत की लय को बरकरार रखने की होगी। भारत का घरेलू चरण अब तक टीम की योजना के मुताबिक नहीं रहा है। टीम फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे मैच में शूट-आउट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। स्पेन के खिलाफ मेजबान टीम जीत के करीब थी लेकिन उसे लगातार मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

## मीरा ने जीता दुबई ओपन का खिताब

**दुबई।** रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में क्लारा टौसन को 7-6 (1), 6-1 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। इस जीत से एंड्रीवा का अगले सप्ताह विश्व रैंकिंग में पहली बार शीर्ष 10 में शामिल होना सुनिश्चित हो गया है। वह 2007 में निकोल वैदिसोवा के बाद ऐसा हासिल करने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन जाएगी। एंड्रीवा ने दुबई चैंपियनशिप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया।



भारत ने दवाएं ऑक्सीमीटर, दस्ताने आदि भेजे

# होंडुरास में तबाही मचाने वाले तूफान 'सारा' ने घरों के अलावा बुनियादी ढांचे कर दिए तबाह, भारत ने 26 टन राहत सामग्री भेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने होंडुरास को रविवार को 26 टन मानवीय सहायता भेजी। हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' ने मध्य अमेरिकी देश में काफी तबाही मचाई है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ग्लोबल साउथ के लिए एक विश्वसनीय साझेदार। भारत ने हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल सप्लाई और आपदा राहत सामग्री से युक्त यह खेप भारत से रवाना हो गई है, जिसमें सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट शामिल हैं।




भारत होंडुरास के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध

*भारत और होंडुरास के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। होंडुरास जब कोविड संकट से जूझ रहा था, तब भारत सरकार ने होंडुरास को आवश्यक दवाइयां और पीपीई दान किए थे। इसी तरह, पहले भी कई चुनौतीपूर्ण समयों के दौरान भारत सरकार ने होंडुरास की मदद की है।*

## चिकित्सा और राहत सामग्री भेजी: जायसवाल



भारत ने होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। यह सहायता हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर भेजी गई है। होंडुरास को मानवीय सहायता भेजने के बारे में विदेश मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस खेप में सर्जिकल आपूर्ति खेप में सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और IV तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट सहित चिकित्सा आपूर्ति और आपदा राहत सामग्री शामिल है।

## साफ-सफाई की व्यवस्था भी ध्वस्त

तूफान की वजह से साफ पानी की तक पहुंच बेहद मुश्किल हो गई, वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई जिसके परिणामस्वरूप 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया और पानी से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ गया। इसके अलावा, शेल्टर, घरों के बुरे हालात और भीड़भाड़ के कारण तीव्र श्वसन रोगों सहित संक्रामक रोगों का जोखिम काफी बढ़ गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को भी काफी नुकसान पहुंचा है।इस समय होंडुरास को भारत की सहायता प्रभावित लोगों को जरूरी राहत प्रदान करेगी।



## बड़ी संख्या में विस्थापित हुए लोग

नवंबर 2024 में, होंडुरास के तट पर बना उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना। इसने होंडुरास में घरों और कई सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को तबाह कर दिया। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए, हजारों लोगों की ज़िंदगी सीधे तौर पर तूफान से प्रभावित हुई।

---

## खबर संक्षेप

### काश पटेल को थार गिफ्ट करेंगे आनंद महिंद्रा!



**नई दिल्ली।** उद्योगपति आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर यूजर्स को उनकी मजाकिया टिप्पणियां पसंद आई। दरअसल, हुआ यह कि एक एक्स यूजर ने उन्हें सुझाव दिया कि काश पटेल को भी थार एसयूवी गिफ्ट करनी चाहिए। इसे लेकर उन्होंने बड़ा ही मजेदार जवाब दिया। आनंद महिंद्रा ने एक्स पर काश पटेल की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, एफबीआई के नए निदेशक काश पटेल। ऐसा नहीं लगता कि आप इस आदमी से पंगा ले सकते हैं। ध्यान रहे।

### मस्क ने कहा काम के घंटे बताएं नहीं तो छुट्टी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी कर्मचारियों को यह बताने के लिए 48 घंटे का समय दिया है कि उन्होंने पिछले सप्ताह क्या काम किया। ट्रंप प्रशासन में कटौती पर कार्य कर रहे एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देशों के अनुरूप, सभी संघीय कर्मचारियों को जल्द ही एक ईमेल भेजा जाएगा। जिसमें उनसे यह समझाने का अनुरोध किया जाएगा कि पिछले सप्ताह उन्होंने क्या किया। मस्क ने अपने पोस्ट में कहा कि जवाब न देने को इस्तीफा माना जाएगा।

पांच नौकाएं भी जब्त कर लीं

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को कर लिया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका और भारत के रिश्ते अभी ठीक से पटरी पर भी नहीं लौटे कि पड़ोसी देश के अधिकारियों ने श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं हैं। इस मामले में श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान जारी कर कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर के समुद्री क्षेत्र में एक खास ऑपरेशन कर गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया, मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस साल की शुरुआत से अब तक श्रीलंकाई नौसेना की 131 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 20 ट्रॉलर जब्त किये हैं।

**इस साल 131 मछुआरों को अब तक गिरफ्तार किया है**

इस बार गिरफ्तार होने वाले 32 मछुआरे तमिलनाडु से हैं। मछुआरों की रिहाई की मांग के लिए प्रदेश के मछुआरों रविवार को मीटिंग की है और अपने साथियों की रिहाई की मांग की है।

### विवादित मुद्दा रहा मछुआरों की गिरफ्तारी

श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं को तलाईमन्नार पियर लाया गया, जहां उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान के मुताबिक नौसेना ने इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है।

यूएसएआईडी फंडिंग को लेकर जल्द होगा खुलासा

# 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी थी, लेकिन संकेत कुछ और ही हैं: जयशंकर

*जयशंकर ने कहा कि अब अमेरिका से सुझाव मिल रहे हैं कि ऐसी गतिविधियां हैं जो दुर्भावनापूर्ण हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह चिंताजनक है, और अगर इसमें कुछ है, तो देश को पता होना चाहिए कि इसमें कौन लोग शामिल हैं?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग की गई। अब इस विवाद पर पहली बार विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने जोर देकर कहा है कि सच्चाई सामने आने वाली है। इससे पहले भारत सरकार भी कह चुकी है कि अगर विवाद है तो जांच होगी।

- भारत से लेकर अमेरिका तक मची उथल

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यूएसएआईडी को भारत में 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी गई थी, लेकिन अब ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां बुरी नीयत के तहत की गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने कुछ जानकारी साझा की है, वो चिंताजनक तो है।

ऐसा लगता है कि कुछ विशेष उद्देश्य के तहत ये सब किया गया है। सरकार इस मामले में जांच कर रही है। जल्द ही पूरा सच और तथ्य सामने आएगा।

*अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान के बाद मचा हंगामा*

*मामले की जांच में इससे जुड़े फैक्ट सामने आएंगे*

भारत सरकार कर रही है मामले की जांच





### ट्रंप ने अब तक क्या किया?

- *ट्रंप ने विदेशी व्यय पर रोक लगाई।*
- *बाद में मानवीय सहायता जारी रखने का आदेश दिया।*
- *यूएसएआईडी के हजारों कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा।*
- *दुनियाभर में मौजूद मिशनों से कर्मचारियों को बुलाया।*

### क्या और कैसे काम करती है यूएसएआईडी

*यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएआईडी जमीन पर सीधे काम नहीं करता है। वह कई दूसरे संगठनों से समझौता करता है। उनके माध्यम से विभिन्न, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग की जाती है। दावा है कि यूएसएआईडी अपना सबसे अधिक धन स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च करता है।*

विवरण साझा किया

**सात परियोजनाओं के लिए दिया फंड**


वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक मामलों के विभाग ने रिपोर्ट में 2023-24 में वित्त पोषित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया है। आर्थिक मामलों का विभाग द्विपक्षीय वित्तपोषण व्यवस्था के लिए नोडल विभाग है। इस वर्ष के दौरान, मतदाता मतदान को बढ़ाने के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई।

### ऐसे खड़ा हो गया विवाद

*इसी महीने देश में राजनीतिक विवाद तब शुरू हो गया था जब अरबपति उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने दावा किया था कि उसने 'मतदाता को प्रभावित करने' के लिए भारत को दिए जाने वाले 2.1 करोड़ डॉलर के अनुदान को रद्द कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बार-बार दावा किया कि जो बाइडेन के नेतृत्व वाले पिछले प्रशासन के तहत यूएसएआईडी ने भारत को 'मतदाता को प्रभावित' करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का वित्त पोषण आवंटित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी 'चिंताजनक' है और सरकार इस पर गौर कर रही है। अब यह मामला इतना बड़ा इसलिए बन चुका है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार नहीं तीन बार यह दावा किया है कि भारत को अमेरिका से पैसे मिले हैं। यह अलग बात है कि एक दूसरी रिपोर्ट में दावा हुआ कि 21 मिलियन डॉलर वाली सहायता भारत नहीं बांग्लादेश के लिए थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि दोनों ही देशों को पैसे दिए गए थे। एक बार फिर उन्होंने तो कह दिया है कि भारत फायदा उठा रहा है।*

रूस के हमले से यूक्रेन में कोहराम

## तबाही: युद्ध की तीसरी वर्षगांठ से पहले ही दाग दिए 267 ड्रोन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को सोमवार को तीन साल हो जाएंगे। 24 फरवरी 2022 को दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, तब से हमलों का दौर जारी है। इस बीच रूस ने यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा एकल ड्रोन हमला किया है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। रूस के हमले के बारे में यूक्रेनी अधिकारियों ने जानकारी दी है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, खार्किव, पोल्टावा, सुमी, कीव, चेर्निहाइव, मायकोलाइव और ओडेसा सहित यूक्रेन भर में कम से कम 13 क्षेत्रों में ड्रोन को रोका गया।

यूक्रेन के वायु सेना कमान के प्रवक्ता यूरी इग्नाट ने कहा कि एक ही समन्वित हमले में रिकॉर्ड 267 रूसी ड्रोन लॉन्च किए गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि लगभग 138 ड्रोन को रोका गया जबकि 119 बिना किसी नुकसान के जाम होने के बाद गायब हो गए, उन्होंने कहा कि रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइलें भी लॉन्च कीं।

इटली की पीएम ने साधा वामपंथियों पर निशाना

## मैं, ट्रंप एवं मोदी बात करते हैं तो वे लोकतंत्र को खतरा बताने लगते हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने वैश्विक स्तर पर रूढ़िवादियों के प्रति वामपंथियों के 'दोहरे मानदंडों' की आलोचना करते की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्वयं उनके (मेलोनी) जैसे नेता आपस में सहयोग करते हैं तो वामपंथी इसे 'लोकतंत्र के लिए खतरा' बताते हैं। मेलोनी ने यह भी कहा कि जब वामपंथी नेताओं के बीच इसी तरह का सहयोग होता है तो उसकी प्रशंसा की जाती है। मेलोनी ने रोम से 'वीडियो लिंक' के माध्यम से वाशिंगटन में 'कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस' (सीपीएसी) को संबोधित करते हुए ट्रंप की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप की जीत से वामपंथी घबराए हुए हैं। इटली की प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी (वामपंथियों की) चिड़चिड़ाहट भय में बदल गई है, रूढ़िवादी जीत रहे हैं, बल्कि इसलिए भी कि रूढ़िवादी अब वैश्विक स्तर पर सहयोग कर रहे हैं।

### उदारवादी नेटवर्क बनाया गया था

उन्होंने कहा कि जब (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति) बिल क्लिंटन और (ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री) टोनी ब्लेयर ने 90 के दशक में वैश्विक वामपंथी उदारवादी नेटवर्क बनाया था तो उन्हें अनुभवी एवं प्रतिष्ठित राजनेता कहा गया। मेलोनी ने कहा कि आज जब ट्रंप, मेलोनी, (अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर) माइली या शायद मोदी बात करते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है।



### पाक में होली मनाने पर बवाल, विवि की किरकरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में होली मनाने पर छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करना विश्वविद्यालय को भारी पड़ गया। दरअसल, सिंध प्रांत के कराची शहर में एक प्रमुख निजी विश्वविद्यालय की अपने परिसर में हिंदू पर्व होली मनाने पर छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसे लेकर उसकी जमकर आलोचना हुई।

इजराइली रक्षा मंत्री का आदेश

## इजराइली सेना को पश्चिमी तट वाले शरणार्थी शिविर में रहना होगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



इजराइल की सेना अब अगले कुछ साल तक पश्चिमी तट वाले शहरी शरणार्थी शिविरों में रहेगी। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना को निर्देश दिए गए हैं कि वह अगले कुछ साल तक वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहे। उन्होंने कहा कि उत्तरी पश्चिमी तट के तीन शिविरों से 40 हजार फलस्तीनियों का विस्थापन हो गया है। अब वे खाली हो चुके हैं। काट्ज ने कहा कि सेना शिविर में लंबे समय तक रहने के लिए तैयार रहे। यहां फलस्तीनियों को वापस नहीं आने देना है। वहीं सेना ने कहा कि वह पश्चिमी तट के इलाके में अपना अभियान तेज कर रही है। इसके अलावा जेनिन क्षेत्र में टैंक भेजे गए हैं। इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान पश्चिमी तट पर हिंसा में वृद्धि हुई है। पश्चिमी तट से होने वाले फलस्तीनी हमले भी बढ़े हैं।

झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बिताए 3 सप्ताह

अरबपति की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने सुनाई युगांडा जेल की आपबीती

# नहाने और शौचालय जाने की भी नहीं थी अनुमति, पिता 24000 करोड़ के मालिक

जिसकी हत्या के मामले में जेल गईं वो तंजानिया में जिंदा मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय मूल के अरबपति बिजनेसमैन पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने आरोप लगाया है कि युगांडा की जेल में सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ। वसुंधरा ओसवाल अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में जेल में बंद थीं। अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बंद की गईं भारतीय मूल के अरबपति पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने अब राज खोला है कि सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ। वसुंधरा (26) पर अपने पिता पंकज ओसवाल के पूर्व कर्मचारी मुकेश मेनारिया के अपहरण और हत्या का पिछले साल झूठा आरोप लगाया गया था। मुकेश मेनारिया को बाद में तंजानिया में जीवित पाया गया।

### मानवाधिकारों का खूब हुआ उल्लंघन

वसुंधरा ने कहा कि मुझे पांच दिन के लिए हिरासत में लिया गया तथा दो और सप्ताह के लिए जेल में डाल दिया गया। मेरे मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन किया गया। उन्होंने मुझे नहाने तक की अनुमति नहीं दी और मुझे भोजन एवं पानी से वंचित रखा।

### 200 मिलियन डॉलर के घर में रहतीं हैं वसुंधरा

वसुंधरा अरबपति बिजनेसमैन पंकज और राधिका ओसवाल की बेटी हैं। पंकज ओसवाल ओसवाल ग्रुप ग्लोबल के मालिक हैं। वसुंधरा दुनिया के सबसे महंगे घरों में से एक विला वारी में रहती हैं, जिसकी कीमत 200 मिलियन डॉलर से ज्यादा है और यह स्विटजरलैंड में माउंट ब्लैंक के सामने है। इस घर को मशहूर इंटीरियर डिजाइनर जेफ्री विल्क्स ने डिजाइन किया था। वसुंधरा ने स्विटजरलैंड के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से वित्त में ऑनर्स के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। साल 2020 में वसुंधरा ओसवाल पीआरओ इंडस्ट्रीज के बोर्ड में शामिल हुईं और संगठन की पहली महिला लीड बनीं। वह वर्तमान में पीआरओ इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक (वित्त) के रूप में काम करती हैं। इसके अलावा, वह गिनी में सबसे बड़ी बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में से एक, एक्सिस मिनरल्स की महानिदेशक भी हैं।

निर्वासन की कार्रवाई पर बोले ट्रंप

## हम दलदल सुखा रहे, यहां अब कट्टर वामपंथियों का कब्जा नहीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका में सत्ता बदलने के बाद से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार चर्चा में बने हुए हैं। पहले एक महीने में उन्होंने 70 से अधिक कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें कई फैसलों को अदालतों में चुनौती दी जा चुकी है। देश की संघीय अदालतें ट्रंप के फैसलों पर अस्थायी रोक भी लगा चुकी है। इन्हीं फैसलों में एक अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने का है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर करने के अपने फैसले पर ट्रंप का कहना है कि वे देश में दलदल को सुखाने का काम कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया

*ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया और कहा कि अब देश में कट्टर वामपंथी लोगों का नियंत्रण नहीं रहेगा। ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अवैध प्रवासियों को देश से निकालने का एलान किया था। इस फैसले के बाद भारत में भी 300 से अधिक लोगों को वापस भेजा जा चुका है। जिन लोगों को निकाला गया है, उन पर आरोप है कि वे बिना वैध कानूनी दस्तावेज के अमेरिका में रह रहे हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109